4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 70 | TUESDAY 24-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER   Visit at : www.uturntime.com

### गुस्ताखी माफ

अमरीका से देखिए, कितना अंधा प्यार।
समझें अपने देश को, बिल्कुल ही बेकार।
बिल्कुल ही बेकार, स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी।
नहीं बनाते कभी, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी।
कह साहिल कविराय, यहां का लगता फीका।
भारत प्यारा नहीं, इन्हें प्यारा अमरीका।



- डॉ. राजेन्द्र साहिल

# लोगों की सेहत को खतरा बरकरार : फूड सैंपलिंग के टारगेट अधूरे, भ्रष्टाचार के मामलों की जांच लंबित

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 23 मार्च। स्वास्थ्य विभाग के फूड विंग की कार्यशैली को देखते हुए साफ तौर पर कहा जाता है कि लोगों की सेहत को खतरा बरकरार है क्योंकि स्वास्थ्य विभाग अपने निर्धारित सैंपलिंग के कोटे को पूरा नहीं करता रही बीते वर्षो में सरकार ने जिले के सैंपलिंग के कोटे को काम कर दिया है जबकि पहले 250 सैंपल हर महीने लेने के निर्देश जारी किए गए थे त्योहारों के दिनों में क्योंकि फूड बिजनेस ऑपरेटर में प्रतिस्पर्धा होती है ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को जो इनपुट मिलते हैं उनमें से चंद मिलावटखोरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है जब शेष वर्ष गिने चुने सैंपलों को ही जांच के लिए भेजा जाता है।



## सरकार की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी की उड़ी धज्जियां

*पिछले दिनों जिले में केक के विभिन्न सैंपल लेकर जांच में भेजे गए इनमें से कई सैंपल फेल हो गए परंतु उसके बाद रूटीन में केक सैंपल लिए जाने बंद कर दिए गए इसी तरह हलवाइयों आदि में इस्तेमाल किए गए तेल के सैंपल लेकर जांच में के लिए भेजे गए और वह सैंपल जांच में फेल हो गए यानी कि वह इस्तेमाल किया हुआ तेल खाने लायक नहीं पाया गया उसके बाद जांच बंद कर दी गई हर बार उच्च अधिकारी यह कहते नहीं थकते की घटिया खाद्य पदार्थ बनाने वालों तथा मिलावटखोरों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाई जाएगी परंतु स्वास्थ्य विभाग के फूड विंग ने फूड सैंपल लेना ही बंद कर दिया अथवा बहुत कम कर दिया*

## त्योहारों के दिनों में फूड बिजनेस ऑपरेटरो को मिलती है विशेष छूट

त्योहारों के दिनों में भी स्वास्थ्य विभाग के फूड विंग की अनदेखा करो मौज करो की पॉलिसी से सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरी टॉलरेंस पॉलिसी के दावे पानी मांगते नजर आए दीपावली के दिनों में नाम मात्र की संपलिंग की गई दूसरी और फूड बिजनेस ऑपरेटर यानी कि खाने पीने की वस्तुओं का निर्माण अथवा कारोबार करने वालों के यहां एजेंटो का बोलबाला रहा विभाग की तालमेल बनाकर चलने वाली पॉलिसी सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर भारी पड़ा।

## आरोपी अधिकारियों पर जांच हुई बंद

- जिले में रह चुके स्वास्थ्य अधिकारी जिन पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे जिसमे लगभग 10 क्विंटल नकली देसी घी के स्टाक को गायब कराने का मामला भी शामिल है के विरुद्ध चल रही जांच जिसमें फूड सेफ्टी अफसर भी शामिल थे एकाएक बंद कर दिया गया अब आलम तो यह बताया जाता है कि वहीं आरोपी अधिकारी दोबारा से लुधियाना का चार्ज लेने के लिए नेताओं के चक्कर काट रहे हैं। इसके अलावा सैकड़ो फूड सैंपलों की गायब रिपोर्टो का आज तक पता नहीं चल सका होना ही संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है

## सैंपलिंग के काम में तेजी लाने की मांग

- लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को फूड सैंपल की जांच के काम में तेजी लानी चाहिए और हर महीने से 300 फुट सैंपल जांच के लिए भेजे जाने चाहिए इसके लिए बढे छोटे दुकानदार को अनदेखा नहीं करना चाहिए बल्कि हर वर्ग के फूड बिजनेस ऑपरेटर से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाने चाहिए ताकि लोगों को पता चले की वह खाने पीने की शुद्ध वस्तुएं खा रहे हैं अथवा नहीं क्योंकि सैंपल न लेने के कारण बाजार में मिलावट खोरी और घटिया खाद्य पदार्थ की भरमार हो जाती है जिससे लोगों की सेहत को खतरा बरकरार बना रहता है।





# वेयरहाउसिंग डीएम सुसाइड मामले में पूर्व मंत्री भुल्लर गिरफ्तार, बोले - मैंने खुद किया सरेंडर

## बिक्रम मजीठिया ने कहा लालजीत भुल्लर के बाप और पीए की भी हो गिरफ्तारी

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मार्च। आम आदमी पार्टी के नेता और पंजाब के पूर्व परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को सोमवार को वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के एक अधिकारी की मौत के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया।

अमृतसर में पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने कथित तौर पर शनिवार तड़के जहर खाकर अपनी जान दे दी। इसके बाद एक वीडियो सामने आया, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर भुल्लर द्वारा प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया था। इस विवाद के बीच, मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देश पर भुल्लर ने उसी दिन बाद में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने पुष्टि की कि भुल्लर को फतेहगढ़ साहिब जिले के मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। हिरासत में लिए जाने से पहले, भुल्लर ने फेसबुक पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि वह स्वेच्छा से





सरेंडर कर रहे हैं: ²मैंने अपना हर कदम भगवान की मौजूदगी में उठाया है। मेरे लिए मेरे लोग ही मेरे भगवान हैं; उनके चेहरों में मैंने हमेशा भगवान की छवि देखी है। मेरे जीवन का हर फैसला उनके भले और सच्चाई के रास्ते पर चलने के लिए ही रहा है। लेकिन आज जो अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि मैं भाग गया हूँ... यह सच नहीं है। मैं सच्चाई से कभी नहीं भागूंगा।

## मुझे देश के कानून पर भरोसा

भुल्लर ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर लिखा कि मुझे देश के कानून पर पूरा भरोसा है, और न्याय व्यवस्था में भी मेरी अटूट आस्था है। मैं कहीं भागा नहीं हूँ, मैं अपने पंजाब में ही हूँ। सच्चाई और इंसाफ में विश्वास रखते हुए, मैं खुद मंडी गोबिंदगढ़ में सरेंडर कर रहा हूँ। भुल्लर की गिरफ़्तारी के बाद, गगनदीप रंधावा की पत्नी उपिंदर कौर ने कहा कि परिवार आपस में चर्चा करके आगे की कार्रवाई तय करेगा। इससे पहले, परिवार ने पंजाब सरकार को भुल्लर को गिरफ़्तार करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, और कहा था कि जब तक उसे हिरासत में नहीं ले लिया जाता, तब तक वे पोस्टमॉर्टम और अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं देंगे।

## भुल्लर को मंडी से अमृतसर लाया गया

DCP (जांच) रविंदरपाल सिंह संधू, अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ, रंधावा के घर पहुँचे ताकि परिवार को पोस्टमॉर्टम की अनुमति देने के लिए मनाया जा सके। DCP ने कहा कि भुल्लर को मंडी गोबिंदगढ़ से अमृतसर लाया गया। उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ़्तार कर लिया जाएगा। शनिवार रात को पुलिस ने भुल्लर, उसके पिता सुखदेव सिंह भुल्लर और निजी सहायक दिलबाग सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 351 (3) (आपराधिक धमकी) और 3 (5) (साझा इरादा) के तहत मामला दर्ज किया।

## रंधावा का वीडियो हो रहा वायरल

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें रंधावा—जिनके पास पट्टी का अतिरिक्त प्रभार था, कथित तौर पर यह कहते हुए सुनाई दे रहे थे कि उन्होंने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया है, और उन्होंने परिवहन मंत्री पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। खा ली 'सेल्फोस' तुम्हारे यार ने। मंत्री लालजीत भुल्लर के डर से। अब मैं नहीं बचूंगा, (तुम्हारे दोस्त ने मंत्री लालजीत भुल्लर के डर से सेल्फोस खा लिया है। अब मैं ज़िंदा नहीं रहूंगा), रंधावा ने कहा था।




# सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट; 23 मार्च को 24 कैरेट सोना 146000 पर पहुंचा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मार्च। नए हफ़्ते की शुरूआत में सोने की कीमतों में तेज गिरावट जारी रही, और सोमवार, 23 मार्च, 2026 को कीमतें फिर से गिर गई। दिल्ली में, इस पीली धातु में गिरावट का सिलसिला लगातार चौथे हफ़्ते भी जारी रहा, जो बुलियन बाजार में लगातार दबाव को दर्शाता है। सोमवार को, 24 कैरेट (24 कैरेट) सोना 595 गिरकर 14,017 रुपए प्रति ग्राम पर आ गया, जबकि 22 कैरेट (22 कैरेट) सोना 545 गिरकर 12,850 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया। एमसीएक्स पर, सोना पिछले बंद भाव 1,44,492 रुपए के मुकाबले लगभग 3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,40,158 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला, और दिन के कारोबार के दौरान गिरकर 1,37,377 रुपए के निचले स्तर पर पहुंच गया, जो लगभग 4.9 प्रतिशत की गिरावट है। वैश्विक स्तर पर, सोने की कीमतों में 2 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई और यह लगभग चार महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया; स्पॉट गोल्ड 4,372.86 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो लगातार नौवें सत्र में 2.5 प्रतिशत की गिरावट है, जबकि अप्रैल के वर गोल्ड फ़्यूचर्स 4.4 प्रतिशत गिरकर 4,375.60 डॉलर पर आ गए। स्पॉट चांदी में भी 3.2 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 65.61 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।





### बड़े शहरों में सोने की कीमतें (प्रति ग्राम)

| शहर | 24 कैरेट सोना (₹) | 22 कैरेट सोना (₹) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 14,611 | 13,394 |
| मुंबई | 14,596 | 13,379 |
| कोलकाता | 14,596 | 13,379 |
| चेन्नई | 14,857 | 13,619 |

### बड़े शहरों में चांदी की कीमतें

चांदी लंबे समय के औसत की तुलना में ऊंचे स्तर पर बनी हुई है, जिसे औद्योगिक मांग के साथ-साथ निवेश के लिए खरीदारी से भी समर्थन मिल रहा है। सोने के विपरीत, चांदी की कीमतें वैश्विक विनिर्माण रुझानों के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं, जिससे अनिश्चित आर्थिक स्थितियों के दौरान इस धातु की कीमतों में अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है।

| शहर | चांदी (₹ प्रति 10 ग्राम) | चांदी (₹ प्रति कैरेट) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 2,449 | 2,44,900 |
| मुंबई | 2,449 | 2,44,900 |
| कोलकाता | 2,449 | 2,44,900 |
| चेन्नई | 2,499 | 2,49,900 |

MCX बंद होने के दाम (20 मार्च, 2026 को पिछला ट्रेडिंग सेशन)

### खुदरा मांग स्थिर बनी हुई

ताजा खुदरा बाजार दरों के अनुसार, 24 कैरेट सोना लगभग 14,154 रुपए प्रति ग्राम पर बिक रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत लगभग 13,480 रुपए प्रति ग्राम है। घरेलू बुलियन बाजार में चांदी की कीमतें 2,44,900 रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास बनी हुई हैं। स्थानीय करों, परिवहन लागत और जौहरियों के मार्जिन के कारण अलग-अलग शहरों में कीमतें थोड़ी-बहुत अलग हो सकती हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि भारत में सोने की कीमतें मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बुलियन दरों, रुपया-डॉलर के उतार-चढ़ाव, आयात शुल्क और त्योहारों के मौसम में आभूषणों की मांग से प्रभावित होती हैं। कुछ क्षेत्रों में शादी और त्योहारों का मौसम नजदीक होने के कारण, खुदरा मांग स्थिर बनी हुई है, जिससे कीमतों में कोई बड़ी गिरावट नहीं आई है।

### एमसीएक्स में गिरा भाव

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर, शुक्रवार को सोने का भाव थोड़ा गिरकर 1,44,492 रुपए पर बंद हुआ, जबकि वीकेंड के ब्रेक के बाद रविवार को फिजिकल बुलियन के दाम 1,45,520 रुपए के आस-पास थे। चांदी में ज्यादा बिकवाली देखने को मिली, टउ पर चांदी के दाम लगभग 2 प्रतिशत गिरकर 2,27,470 रुपए प्रति किलो हो गए, हालांकि फिजिकल मार्केट में दाम थोड़े ज्यादा, लगभग 2,27,960 रुपए थे।

### बुलियन पर थोड़ा दबाव

हाल के फ्यूचर्स मार्केट डेटा से पता चला कि बुलियन पर थोड़ा दबाव था, और सोने के मुकाबले चांदी में ज्यादा गिरावट देखने को मिली। जानकारों का कहना है कि ट्रेडर ग्लोबल मैक्रोइकोनॉमिक संकेतों, करेंसी की चाल और जियोपॉलिटिकल घटनाओं को लेकर सतर्क हैं, क्योंकि इन्हीं से कीमती धातुओं में आगे का ट्रेंड तय होने की संभावना है।

## कांग्रेस व आम आदमी पार्टी ने जीरकपुर क्षेत्र में की विकास की अनदेखी:एन के शर्मा



जीरकपुर/यूटर्न/23 मार्च। शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एनके शर्मा ने कहा है कि पंजाब सरकार को सर्वाधिक राजस्व देने के बावजूद पिछले नौ वर्षो से जीरकपुर के विकास की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। एन के शर्मा आगामी 29 मार्च को डेराबस्सी में पहुंच रही पंजाब बचाओ यात्रा के संबंध में निकटवर्ती गांव रामगढ़ भुड्ढा में ग्रामीणों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि जीरकपुर में विकास की योजनाएं केवल शिरोमणि अकाली दल की सरकार के समय में लागू की गई हैं। पहले कांग्रेस तथा अब आम आदमी पार्टी की सरकार ने जीरकपुर की अनदेखी की है। जीरकपुर नगर परिषद की लंबे समय तक बैठक नहीं हुई। अब चुनाव निकट आने के बाद यहां के पार्षदों को विश्वास में लिए बगैर ही प्रस्ताव पारित किए जा रहे हैं। पिछले नौ सालों में जीरकपुर तथा आसपास के इलाकों का विकास पूरी तरह से ठप हो चुका है। इस क्षेत्र की विकास परियोजनाओं को दोबारा लागू करने के लिए शिरोमणि अकाली दल को सत्ता में लाना जरूरी है। ग्रामीणों ने कार्यक्रम के दौरान हाथ खड़े करके एनके शर्मा को समर्थन देने के ऐलान किया। इस अवसर पर सरपंच जसपाल सिंह, दारा लोहगढ़, राजू चीमा, मनदीप सिंह, अवतार सिंह, जरनैल सिंह, दर्शन सिंह, सत्ती भुड्ढा, तेजिंद्र सिंह, गुरमेल सिंह, बलजीत सिंह, अमन नंबरदार, कमलजीत सिंह, सुखी भुड्ढा, कर्म सिंह, परविंद्र सिंह, बलविंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, गुरमेल सिंह, विक्रमजीत सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## मध्य पूर्व तनाव के बीच संयुक्त अरब अमीरात से 90 से अधिक उड़ानों के भारत आने की उम्मीद

नई दिल्ली, यूटर्न, 23 मार्च। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत के लिए करीब 95 उड़ानें आने की उम्मीद है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस क्षेत्र से सीमित संख्या में विशेष (नॉन-शेड्यूल) उड़ानें भी जारी हैं, जबकि सऊदी अरब और ओमान से भी भारत के लिए फ्लाइट्स नियमित रूप से चल रही हैं। कतर का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला हुआ है और कतर एयरवेज सोमवार को भारत के लिए 8 से 10 विशेष उड़ानें संचालित करने वाली है।

# लालड़ू में सतनाम एलसीवी ऑपरेटर यूनियन का धार्मिक समागम, विधायक रंधावा ने की शिरकत

लालड़ू/यूटर्न/23 मार्च। सतनाम एलसीवी ऑपरेटर यूनियन, लालड़ू की ओर से यूनियन की सुख-शांति, चढ़दी कला और सर्व समाज की भलाई के लिए धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए और संगत को रसभिन्नी गुरबाणी कीर्तन से निहाल किया गया।

समागम के अंत में गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लेकर गुरु घर की कृपा प्राप्त की। इस अवसर पर डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने विशेष रूप से शिरकत की और



संगत के साथ खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, प्रेम और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने यूनियन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समाज की तरक्की और शांति के लिए गुरबाणी से जुड़ना अत्यंत आवश्यक है। विधायक रंधावा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं भी लंबे समय तक यूनियन से जुड़े रहे हैं और हमेशा सदस्यों के हितों के लिए कार्य करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की आत्मा गुरु साहिबान की शिक्षाओं में बसती है और ऐसे समागम हमें सेवा, विनम्रता और एकजुटता का संदेश देते हैं। अंत में उन्होंने सभी की खुशहाली और उन्नति के लिए अरदास की। इस मौके पर यूनियन के पदाधिकारी, सदस्य, ट्रांसपोर्टर, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति और पार्टी के ब्लॉक प्रधान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



पेज 06 राकेश शर्मा बने श्री शारदा माता मंदिर के चेयरमैन

# अब दोगुना चुस्ती-फुर्ती के लिए सोना-चांदी च्यवनप्राश खाकर काम करेगें निगम अधिकारी-मुलाजिम ? 11 महीने से पेडिंग काम एक महीने में कर डालेगें खत्म !

## करोडों के इनकम टारगेट पेडिंग, कब पूरे होंगे पता नहीं, खर्चे के लिए नए तरीके ढूंढे

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/23 मार्च। लुधियाना नगर निगम के अधिकारी और मुलाजिम अब शारीरिक और मानसिक तौर पर इतनी तेज रफ्तार के साथ काम करेगें कि वे कारपोरेशन के हर विभाग में पेडिंग पूरे साल के काम मात्र एक महीने में खत्म कर डालेगें। यह हम नहीं कह रहे, बल्कि लुधियाना कारपोरेशन का बजट साल 2026-27 बया कर रहा है। दरअसल, गुरु नानक भवन में 24 मार्च सुबह 11 बजे जनरल हाउस की मीटिंग है। जिसमें बजट पेश किया जाना है। इस नए बजट की प्रपोजल का खाका तैयार किया गया है। इस खाके में पिछले साल का बजट कितना था और उसमें कितनी रिकवरी व इनकम होनी थी, यह भी बताया गया है। यह टारगेट 11 महीने में यानि कि फरवरी 2026 तक भी पूरे नहीं हो सके। जबकि टारगेट में बचे करोड़ों रुपए एक महीने में यानि कि मार्च 2026 में रिकवर कर लेने के दावे किए गए हैं। इसमें कई कार्यो के टारगेट तो इतने ज्यादा है कि उसका 50 प्रतिशत भी पूरे साल में पूरा नहीं हो सका। फिर आखिर एक महीने में कैसे पूरा होगा। यानि कि अधिकारी व मुलाजिम जो काम 11 महीने में नहीं कर सके, वह एक महीने में कर दिखाएंगे। जिससे चर्चा छिड़ गई है कि अब शायद निगम अधिकारी चुस्ती फुर्ती के लिए सोना-चांदी च्यवनप्राश खाएंगे। शहरवासियों का कहना है कि यह बजट सिर्फ हवा हवाई हैं। इसे प्रैक्टिकल तौर पर नहीं, बल्कि सिर्फ बातों में तैयार किया गया है।




### पुराने इनकम टारगेट पूरे नहीं, खर्चने को नए तरीके ढूंढे

वहीं इस बजट में बात करें इनकम की तो उसके टारगेट पूरे नहीं किए गए। उन टारगेट को पेडिंग दिखा दिया गया। लेकिन उन्हें पूरा कौन और कब करेगा, यह कोई नहीं जानता। आखिर में वह पेडिंग ही रह जाएंगे। लेकिन बात करें खर्च करने की तो उसके लिए अधिकारियों व राजनेताओं द्वारा नए तरीके ढूंढकर प्रपोजल में एड भी कर दिए गए हैं। चर्चा है कि दरअसल, खर्च का पैसा कुछ लोगों की जेबों में जाना होता है।

### 11 महीने में रिकवरी 796 करोड़, 1 महीने में 239 करोड़ और होगी

नए बजट में बताया गया है कि साल 2025-26 में इनकम बजट 1035 करोड़ रखा गया था। जिसमें से फरवरी 2026 तक 11 महीने में 796 करोड़ इनकम हो सकी। जबकि रिवाइज बजट 1040 करोड़ रुपए रखा गया है। यानि कि निगम एक महीने में 239 करोड़ रुपए की और इनकम कर डालेगी। अब यह इनकम होगी कैसे और एक महीने में होगी या नहीं, यह किसी को नहीं पता। वहीं साल 2026-27 में इनकम बजट 1258 करोड़ रखा गया है। अब पिछली इनकम पूरी नहीं हुई और अगला बजट उससे भी ज्यादा बढ़ाकर रख दिया गया है।

### जनता का पैसा जनता पर ही नहीं लगा

वहीं डेवलपमेंट के लिए 2025-26 का बजट 365 करोड़ रखा गया था। जिसमें से 11 महीने में 219 करोड़ खर्च किए गए। रिवाइज बजट 240 करोड़ है। वहीं बाकी बचे 21 करोड़ मार्च महीने में खर्च किए जाने हैं। जबकि साल 26-27 का बजट 518 करोड़ रखा गया है। यानि कि जनता से टैक्स और अन्य कार्यों से लिया पैसे में से 25 प्रतिशत भी जनता पर खर्च नहीं किया गया।

### सीवर सफाई में एक रुपया नहीं खर्चा, अब 75 करोड़ बजट

वहीं पिछले दो साल के दौरान सीवरेज लाइनों की सफाई के लिए एक रुपए का भी बजट नहीं रखा गया। 2024 से लेकर 2026 तक डीसिल्टिंग ऑफ सीवर लाइन बजट जीरो था। लेकिन अब 2026-27 के लिए 75 करोड़ बजट रखने की प्रपोजल पेश की गई है।

### एडवरटाइजमेंट में भी बड़े गोलमाल की तैयारी

वहीं बात करे एडवरटाइजमेंट टैक्स की तो साल 24-25 में इनकम 11.77 करोड़ थी। वहीं बजट साल 25-26 में टारगेट 16 करोड़ रखा था। लेकिन फरवरी 2026 तक इकट्ठे 12.23 करोड़ हुए। जबकि एक महीने मार्च में 3.76 करोड़ और इकट्ठे कर लेगें। वहीं साल 2026-27 के बजट में यह टैक्स का अनुमान 16.70 करोड़ रखा गया है। जबकि अगले साल इलेक्शन है। ऐसे में इतना टैक्स इकट्ठा नहीं हो सकता। वहीं चर्चा है कि निगम द्वारा एक ही कंपनी को एडवरटाइजमेंट का जिम्मा दे रखा है। उसी के साथ मिलकर अधिकारियों द्वारा करोड़ों का गोलमाल किया जा रहा है। वहीं अगले साल के लिए भी बजट इस लिए बढ़ाया है, ताकि और ज्यादा घोटाला हो सके। हैरानी की बात तो यह है कि एक कंपनी को शहर की सभी सड़कों के ठेके दिए गए हैं, फिर भी उससे आखिर पूरी रिकवरी क्यों नहीं हो पा रही।

### बुड्ढे नाले की सफाई पर भी करोड़ों लगाए, मशीनरी पर भी

वहीं इस प्रपोजल में बुड्ढे नाले की सफाई के लिए साल 2024-25 में 58 लाख खर्च किए, वहीं साल 25-26 के बजट में 3 करोड़ रखे गए थे। फरवरी 2026 तक 28 लाख खर्चा और मार्च में 31 लाख खर्चा। वहीं अब 3 करोड़ का नया प्रपोजल बना है। दूसरी तरफ मशीनरी खरीदने पर 24-25 में 62 लाख खर्चे, फिर 25-26 में 1.50 करोड़ बजट रखा। जबकि खर्च 2.56 करोड़ किए। वहीं मार्च महीने में 23 लाख और खर्च होंगे। इसी के साथ अगले साल के लिए बजट 3 करोड़ और रख दिया। एक तरफ निगम बुड्ढा दरिया साफ कराने को पैसे दे रहा है और दूसरी तरफ मशीनरी भी खरीद रहा है। अगर मशीनरी खरीदी तो सफाई के पैसे क्यों दिए जा रहे हैं। चर्चा है कि नेताओं और अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों के साथ मिलकर हेरफेर करने को यह डब्बल बजट बनाया जा रहा है।

### प्रॉपर्टी टैक्स में भी 19 करोड़ की रिकवरी कम

वहीं प्रॉपर्टी टैक्स की बात करें तो साल 24-25 में इनकम 153 करोड़ थी। जबकि साल 25-26 के बजट में 160 करोड़ टारगेट रखा गया। लेकिन फरवरी 2026 तक रिकवरी 141 करोड़ की हो सकी। वहीं मार्च के एक महीने में 23.5 करोड़ की रिकवरी और होने का अनुमान है। इसी के साथ अगले साल का प्रपोजल बजट 195 करोड़ का है। हैरानी की बात तो यह है कि पिछले एक साल के दौरान प्रॉपर्टी टैक्स से हुई इनकम साल 2025 के मुकाबले भी 12 करोड़ कम है। वहीं तय टारगेट से 20 करोड़ कम है। चर्चा है कि कुछ अधिकारियों और मुलाजिमों का सरकारी खजाने को भरने की तरफ ध्यान कम और अपनी जेब भरने में ज्यादा है।

### चालान और कंपाउंडिंग में बड़ा घोटाला

वहीं बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन और सीएलयू में बड़ा हेरफेर निकलकर सामने आया है। प्रपोजल में दिए आंकड़ों के मुताबिक साल 24-25 में इनकम 26 करोड़ थी। साल 25-26 के बजट में 30 करोड़ का प्रस्ताव था। लेकिन 11 महीने में रिकवरी 16.58 करोड़ हुई। वहीं मार्च के एक महीने में 13.42 करोड़ रुपए और रिकवर होने की उम्मीद जताई गई है। इसी के साथ साथ साल 26-27 का बजट 35 करोड़ रख दिया है। यानि कि पिछले साल यानि कि 2026 में 2025 के मुकाबले इनकम बढ़ने की जगह 9.42 करोड़ रुपए कम हुई है। वहीं 2026 के बजट के मुकाबले 13.42 करोड़ रुपए कम इकनम हुई। चर्चा है कि इंस्पेक्टरों द्वारा इमारतों के चालान तो कर दिए जाते हैं, लेकिन जुमार्ने की पेमेंट निगम को जमा न करवाकर जेब में डाल ली जाती है। यूटर्न टाइम अखबार द्वारा इसका खुलासा भी किया जा चुका है। लेकिन अब निगम के आंकड़ें खुद इस बात को बया कर रहे हैं। जिसमें हेरफेर 1-2 करोड़ का नहीं बल्कि कई करोड़ का निकलकर सामने आया है।

### चालानों का ऑडिट कराने से होंगे बड़े खुलासे

कारपोरेशन में इमारतों के चालान और कंपाउंडिंग फीस में बड़ा हेरफेर किया जा रहा है। जिसके चलते लोकल बॉडी मंत्री संजीव अरोड़ा और कमिश्नर नीरू कत्याल को एटीपी और इंस्पेक्टरों द्वारा किए चालानों औक कंपाउंडिंग फीस का ऑडिट कराना चाहिए। जिसमें बड़े खुलासे होंगे। इससे सरकारी खजाने में करोड़ों रुपए भी आ सकेगें।

# अब दवा भी देगी दर्द, युद्ध से फार्मा सेक्टर पर संकट मिडिल ईस्ट तनाव का असर फार्मा इंडस्ट्री पर गहराया

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न, 23 मार्च। मिडिल ईस्ट में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर अब दवा उद्योग पर भी साफ दिखाई देने लगा है। विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में आम लोगों को दवाइयों के लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। पिछले दो हफ्तों में दवाओं के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल यानी एक्टिव फार्मा इंग्रीडिएंट्स (API) की कीमतों में करीब 25% तक उछाल दर्ज किया गया है। आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल की कीमत भी लगभग 25% बढ़ चुकी है, जबकि अन्य दवाओं के रॉ मटेरियल में भी लगातार तेजी




बनी हुई है।

पंजाब होलसेल केमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र दुग्गल और महासचिव जी.एस. चावला के मुताबिक, युद्ध के कारण यूरोप से आने वाली कच्चे माल की सप्लाई लगभग ठप हो गई है। हालांकि चीन से सप्लाई जारी है, लेकिन वहां से भी आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे घरेलू उत्पादन पर दबाव बढ़ गया है। स्थिति का सीधा असर कीमतों पर पड़ने की आशंका है। विशेषज्ञों का मानना है कि नई बैच में आने वाली दवाओं के दाम *15 से 20% तक बढ़ सकते हैं*। इसके अलावा, पेट्रोकेमिकल्स से बनने वाले फार्मा सॉल्वेंट्स की कीमतों में भी तेजी देखी जा रही है।

युद्ध के चलते शिपिंग रूट प्रभावित हुए हैं, जिससे माल ढुलाई महंगी हो गई है। कई मामलों में फ्रेट चार्ज दोगुना हो चुका है और कंपनियों को हर शिपमेंट पर हजारों डॉलर अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। इस बढ़ती लागत के दबाव में फार्मास्यूटिकल कंपनियों ने सरकार से दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की अनुमति देने की मांग की है। चूंकि भारत में दवाओं के दाम नियंत्रित रहते हैं, ऐसे में कंपनियों के लिए लागत का बोझ उठाना मुश्किल हो रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि हालात जल्द नहीं सुधरे, तो न सिर्फ दवाइयों की कीमतें बढ़ेंगी, बल्कि आवश्यक और जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता पर भी असर पड़ सकता है। यह संकट अब सिर्फ ऊर्जा या कच्चे तेल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि देश की स्वास्थ्य सुरक्षा पर भी असर डालने लगा है।

यूटर्न टाइम

# ट्रंप ने 'पॉज' बटन दबाया; वैश्विक व्यापार को मिली कुछ पल की राहत

**चंडीगढ़/यूटर्न/23 मार्च। एक महत्वपूर्ण लेकिन सावधानी भरी घटनाक्रम में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक संभावित सैन्य हमले को पाँच दिनों के लिए टालने की घोषणा की है। उन्होंने इसे बहुत अच्छी बातचीत बताया और इस कदम से पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से जूझ रही वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थायी राहत मिली है। इस घोषणा से वैश्विक बाजारों में कुछ हद तक आशावाद का संचार हुआ है। ये बाजार, विशेष रूप से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' के आसपास, तत्काल तनाव बढ़ने की आशंका के लिए खुद को तैयार कर रहे थे।**



### तेल और व्यापार में अल्पकालिक राहत

वैश्विक तेल की कीमतें, जो आपूर्ति में रुकावट की आशंका से बढ़ गई थीं, इस 'पॉज' (विराम) के बाद निकट भविष्य में स्थिर होने की उम्मीद है। 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज'—जो दुनिया के लगभग पाँचवें हिस्से के तेल व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है—वहाँ टैंकरों की आवाजाही सावधानी के साथ फिर से शुरू हो सकती है, क्योंकि शिपिंग कंपनियाँ जोखिमों का पुनर्मूल्यांकन कर रही हैं।

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि यह पाँच-दिवसीय समय सीमा खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा निर्यातकों को अपनी लंबित खेप (shipments) भेजने और आपूर्ति संबंधी तत्काल चिंताओं को कम करने का अवसर दे सकती है। हालाँकि, शिपिंग गतिविधियाँ अभी भी सतर्कता के घेरे में हैं। एक समुद्री विश्लेषक ने कहा, ₹संचालन फिर से शुरू हो सकता है, लेकिन एक संयमित गति से,₹ उन्होंने इसके पीछे लगातार बनी सुरक्षा चिंताओं और बीमा की बढ़ी हुई लागतों का हवाला दिया।

### बाजारों की प्रतिक्रिया: सावधानी भरा आशावाद

वैश्विक इक्विटी बाजारों में हल्की रिकवरी देखने की संभावना है, जबकि सोने जैसी 'सुरक्षित-शरण' (safe-haven) संपत्तियों की कीमतों में थोड़ी नरमी आ सकती है। भारतीय रुपया, जो दबाव में आ गया था, वह भी अल्पकाल में स्थिर हो सकता है। इसके बावजूद, विश्लेषक चेतावनी देते हैं कि अंतर्निहित अस्थिरता अभी भी बनी हुई है। एक वरिष्ठ अर्थशास्त्री ने कहा, ₹यह एक विराम है, कोई स्थायी समाधान नहीं। बाजार किसी भी आगे के घटनाक्रम के प्रति संवेदनशील बने रहेंगे।

उद्योग के दृष्टिकोण को जोड़ते हुए, लॉजिस्टिक्स और व्यापार विशेषज्ञ दीपेश खन्ना ने कहा, ₹यह पाँच-दिवसीय विराम वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक रणनीतिक राहत प्रदान करता है, लेकिन यह 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' के आसपास के संरचनात्मक जोखिम को समाप्त नहीं करता है। शिपिंग कंपनियाँ और बीमाकर्ता अनिश्चितता को अपनी कीमतों में शामिल करना जारी रखेंगे, जिसका अर्थ है कि तत्काल संघर्ष न होने पर भी व्यापार की लागतें ऊँची बनी रहेंगी।

### भारत को मिली साँस लेने की जगह

रूपेन शानबाग, जो दो दशकों से अधिक समय से ईंधन आयात का अध्ययन कर रहे हैं, कहते हैं : भारत के लिए—जो खाड़ी क्षेत्र के रास्ते आने वाले कच्चे तेल के आयात पर अत्यधिक निर्भर है—यह स्थगन एक अस्थायी राहत प्रदान करता है। तेल की कीमतों में स्थिरता से मुद्रास्फीति के दबाव को नियंत्रित करने और आयात बिल पर पड़ने वाले तत्काल बोझ को कम करने में मदद मिल सकती है। सरकारी एजेंसियों से उम्मीद की जाती है कि वे इस मौके का इस्तेमाल करके आपातकालीन योजनाओं की समीक्षा करें और लगातार बनी अनिश्चितता के बीच ऊर्जा की आपूर्ति सुरक्षित करें।

### अनिश्चितता का साया अब भी मंडरा रहा है

हालांकि इस घोषणा से यह संकेत मिलता है कि कूटनीतिक रास्ते खुले हुए हैं, फिर भी स्थिति अभी भी अस्थिर बनी हुई है। तेल और शिपिंग पर लगने वाला रिस्क प्रीमियम पूरी तरह से खत्म होने की संभावना कम ही है, क्योंकि पाँच दिनों की इस अवधि के बाद भी तनाव बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

# अधूरे आयुष अस्पताल को नई जिंदगी, यूनिवर्सिटी को सौंपने की तैयारी

## 90 दिन में बदलेगी दयालपुरा आयुष अस्पताल की तस्वीर, जल्द शुरू होंगी सेवाएं

**जीरकपुर/यूटर्न/23 मार्च। नगर काउंसिल जीरकपुर के वार्ड नंबर 25-26 के अंतर्गत गांव दयालपुरा में वर्षों से अधूरा पड़ा आयुष अस्पताल प्रोजेक्ट अब फिर से सुर्खियों में है। लंबे समय से ह्यसफेद हाथीह्न बन चुके इस प्रोजेक्ट को जल्द चालू करने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। आयुर्वेद विभाग पंजाब इस अस्पताल को होशियारपुर स्थित गुरु रविदास आयुर्वेद यूनिवर्सिटी को सौंपने की तैयारी में है, जिससे यहां स्वास्थ्य सेवाएं शुरू होने की उम्मीद जगी है।**



### यूनिवर्सिटी ने खुद भेजा प्रस्ताव, सरकार गंभीर

विभागीय सूत्रों के अनुसार, अस्पताल को टेकओवर करने का प्रस्ताव खुद यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से भेजा गया है। पंजाब सरकार इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर रही है। खास बात यह है कि इस पर फैसला लेने वाली हाई-लेवल कमेटी में प्रदेश के प्रिंसिपल सेक्रेटरी भी शामिल हैं, जिससे योजना के जल्द अमल में आने की संभावना मजबूत मानी जा रही है।

### 60-90 दिन में मरम्मत, चोरी का नुकसान होगा पूरा

बीते समय में अस्पताल भवन में चोरी और रखरखाव की कमी के कारण इसकी हालत खंडहर जैसी हो गई थी। बिजली की तारें, खिड़कियां और सैनिटरी का सामान चोरी होने से प्रोजेक्ट ठप हो गया था। अब विभाग ने 60 से 90 दिनों के भीतर मरम्मत कार्य पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। मरम्मत के बाद अस्पताल को यूनिवर्सिटी को सौंपा जाएगा और साथ ही स्टाफ भर्ती प्रक्रिया भी शुरू होगी।

### आधुनिक सुविधाओं के साथ बनेगा ट्रीटमेंट व रिसर्च सेंटर

अस्पताल यूनिवर्सिटी को सौंपे जाने का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि इसे केवल इलाज केंद्र ही नहीं, बल्कि एक आधुनिक शिक्षण और शोध संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के साथ पंचकर्म और अन्य आयुर्वेदिक उपचार सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। यूनिवर्सिटी के पास पहले से ही संसाधन और विशेषज्ञ स्टाफ मौजूद है, जिससे संचालन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी।

### ट्राईसिटी के अस्पतालों पर घटेगा दबाव

जीरकपुर ट्राईसिटी का तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है, जहां आबादी करीब 6 लाख तक पहुंच चुकी है, लेकिन यहां कोई बड़ा सरकारी अस्पताल नहीं है। लोगों को सामान्य इलाज के लिए भी चंडीगढ़ सेक्टर-32 या पंचकूला सेक्टर-6 के सरकारी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है।

ढकोली सीएचसी में सीमित सुविधाओं के कारण अधिकतर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में दयालपुरा में अस्पताल शुरू होने से लोगों को राहत मिलेगी और आसपास के अस्पतालों पर दबाव कम होगा।

### क्या बोले अधिकारी

आयुर्वेद विभाग पंजाब के डायरेक्टर डॉ. रमन खन्ना ने बताया कि दयालपुरा आयुष अस्पताल में हुए नुकसान की भरपाई का काम शुरू कर दिया गया है। अगले दो महीनों में मरम्मत पूरी करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अस्पताल को यूनिवर्सिटी को सौंपने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है और जल्द अंतिम बैठक के बाद इस पर फैसला लिया जाएगा। उम्मीद है कि तीन महीनों के भीतर काम पूरा कर स्टाफ भर्ती प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी।

# 'साम्राज्य विरोधी शहीदी दिवस' मनाया, मांगें न मानीं तो स्कूल गेट बंद कर चक्का जाम की चेतावनी



**डेराबस्सी, यूटर्न, 23 मार्च। संयुक्त किसान मोर्चा (भारत) और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर सोमवार को डेराबस्सी स्थित सुखमणि इंटरनेशनल स्कूल के मुख्य गेट पर ह्यसाम्राज्य विरोधी शहीदी दिवसह्न मनाया गया। इस दौरान शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि देते हुए किसानों और मजदूरों के हकों की आवाज बुलंद की गई। सभा को संबोधित करते हुए पंजाब एटक के उपाध्यक्ष विनोद चुघ ने कहा कि भगत सिंह ने एक ऐसे समाज का सपना देखा था, जहां शोषण न हो, लेकिन आज भी मजदूर और किसान अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक बराबरी वाला समाज स्थापित नहीं होता, संघर्ष जारी रहेगा। धरने के दौरान संगठनों ने वेयरहाउस मैनेजर डॉ. गगनदीप सिंह की खुदकुशी के मामले की सीबीआई जांच की मांग उठाई। साथ ही पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर की गिरफ्तारी और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई। संगठनों ने चेतावनी दी कि 25 मार्च को लेबर इंस्पेक्टर डेराबस्सी के कार्यालय में स्कूल प्रबंधन और निकाले गए कर्मचारियों के बीच होने वाली बैठक में यदि 15 कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया, तो स्कूल का मुख्य गेट पूरी तरह बंद कर सड़क जाम किया जाएगा।**

# जीरकपुर में दो रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटियों के बीच विवाद, थाने में शिकायत देकर एफआईआर की मांग



**जीरकपुर, यूटर्न, 23 मार्च। जीरकपुर के वीआईपी रोड स्थित सावित्री एन्क्लेव रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी ने सावित्री हाइट्स-2 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस स्टेशन जीरकपुर में शिकायत दर्ज कराई है। सोसायटी पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि दूसरी सोसायटी के प्रधान, सचिव व अन्य पदाधिकारी अवैध रूप से निजी सड़क पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायत के अनुसार, संबंधित पक्ष द्वारा 30 फीट चौड़ी निजी मेटल रोड पर पहले लोहे की बैरिकेडिंग लगाई गई और अब वहां ईंटों की दीवार का निर्माण किया जा रहा है, जो पूरी तरह गैरकानूनी है। इस कार्रवाई को लेकर सोसायटी ने इसे आपराधिक अतिक्रमण, शरारत, पब्लिक न्यूसेन्स और गलत तरीके से रास्ता रोकने का मामला बताया है। सोसायटी पदाधिकारियों का कहना है कि इस मामले में पहले ही 23 दिसंबर 2024 को डेराबस्सी की अदालत द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किया जा चुका है, जिसमें उक्त निर्माण को अवैध माना गया था। इसके बावजूद आरोपियों द्वारा कोर्ट के आदेशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि सावित्री एन्क्लेव सोसायटी एक रजिस्टर्ड नॉन-प्रॉफिट संस्था है, जिसमें 429 मकान और 157 प्लॉट शामिल हैं। इसके बावजूद उनकी निजी संपत्ति पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। सोसायटी ने पुलिस से मांग की है कि मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।**



पेज 12 एलपीजी संकट से उद्योग प्रभावित, फिक्को ने सरकार...

# सेक्टर-38 में दिनदहाड़े फायरिंग से दहशत, कुछ ही घंटों में आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा, पुनीत महाजन

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मार्च। चंडीगढ़ के सेक्टर-38 में रविवार को दिनदहाड़े हुई फायरिंग की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। एक्टिवा सवार एक युवक को निशाना बनाकर अज्ञात हमलावर ने गोली चला दी, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि घटना के तुरंत बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। साउथ-वेस्ट डीएसपी धीरज कुमार के नेतृत्व में सेक्टर-39 थाना प्रभारी रामदयाल, क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर नरेंद्र पटियाल और डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल इंस्पेक्टर चिरंजीव लाल समेत कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू की और मौके से गोली का खोल भी बरामद किया।



### सीसीटीवी से मिली बड़ी सफलता

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई। जांच के दौरान मिले अहम सुरागों के चलते डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल की टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सेक्टर-38 निवासी प्रयांशु के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया पिस्टल भी बरामद कर लिया है। शुरूआती जांच में यह कार्रवाई पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

### डीएसपी बोले 4:40 बजे मिली थी सूचना

मामले को लेकर डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि रविवार शाम करीब 4:40 बजे फायरिंग की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं और इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

### रिमांड पर लेकर होगी पूछताछ

पुलिस के अनुसार आरोपी को सोमवार को जिला अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पूछताछ के दौरान यह पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि फायरिंग के पीछे क्या कारण था और आरोपी के पास अवैध हथियार कहां से आया। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। वहीं, दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर राहुल गाँधी से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एच.एस. लक्की, संगठन व चुनावी तैयारियों पर चर्चा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मार्च। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने सोमवार को राहुल गाँधी से चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शिष्टाचार भेंट की। राहुल गांधी अपनी दो दिवसीय शिमला यात्रा के बाद चंडीगढ़ से दिल्ली के लिए रवाना हो रहे थे। इस दौरान लक्की ने शहर के मौजूदा राजनीतिक हालातों पर विस्तार से चर्चा की और आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर पार्टी की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने



संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न जनहित मुद्दों को भी राहुल गांधी के समक्ष रखा। बताया गया कि राहुल गाँधी ने लक्की की बातों को गंभीरता से सुना और संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि इस बैठक से पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है, जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती मिलेगी।

# सेक्टर-38 वेस्ट EWS फ्लैट्स में बढ़ते क्राइम से लोग परेशान, पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मार्च। चंडीगढ़ के सेक्टर-38 वेस्ट स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स में बढ़ते अपराध के मामलों को लेकर स्थानीय निवासियों में चिंता बढ़ती जा रही है। इलाके के लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और 'रोको-टोको' अभियान चलाने की मांग उठाई है। स्थानीय प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने कहा कि क्षेत्र में हाल के दिनों में आपराधिक गतिविधियों में इजाफा हुआ है, जिससे लोगों में असुरक्षा का माहौल बन गया है। इसको देखते हुए शिवसेना हिंदुस्तान के युवा उपाध्यक्ष अमित अटवाल ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान कुलदीप बिरला, ऋषि राज और रिंकू समेत अन्य स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से अपील की कि क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त सुनिश्चित की जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। निवासियों का कहना है कि 'रोको-टोको' अभियान से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सकता है और इलाके में सुरक्षा का माहौल बहाल होगा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।



# चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन ने पीएम नरेंद्र मोदी को दी बधाई, लिखा पत्र

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मार्च। सेक्टर-17 स्थित चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उन्हें देश के सबसे लंबे





समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है। अपने पत्र में पंछी ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री के अटूट समर्पण, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पवन कुमार चमलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। पत्र में आगे कहा गया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने बुनियादी ढांचे के विकास, आर्थिक सुधारों, वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग के उत्थान में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने आत्मनिर्भर और प्रगतिशील भारत के विजन को भी सराहा। कमलजीत सिंह पंछी ने इसे पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि देशवासियों के प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर विश्वास को दर्शाती है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के प्रयासों की सफलता की कामना की।

# शहीदों का बलिदान देश के लिए हमेशा प्रेरणादायक - सुरिंदर डावर



लुधियाना/यूटर्न/23 मार्च। शहीदी दिवस के अवसर पर हरगोबिंद नगर में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव थापर और राजगुरु को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। यह कार्यक्रम पूर्व कांग्रेस विधायक सुरिंदर कुमार डावर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक सुरिंदर डावर ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर इतिहास रच दिया। उनका बलिदान आज भी युवाओं को देशभक्ति, साहस और त्याग की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हमें शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद शाम सुंदर मल्होत्रा, ब्लॉक प्रधान विपन अरोड़ा, पार्षद अरुण शर्मा, सरबजीत सिंह सराली, पार्षद पति विक्की डावर, टीटू नागपाल, सुनील विज, रणधीर शैली, मिक्की तलवार, लव नाहर, कमल वोहरा, सुभाष गाबा, बाल कृष्ण, जसप्रीत सिंह, सचिन विज, सुरिंदर रिंकू, नंद लाल, विनय गणपति, अमरजीत सिंह, सौरभ पलटा, पिंकी कपूर, भजन लाल, मनी चौहान, रमेश गाबा, रणधीर निक्का, बब्बू वालिया, सीता राम, देस राज, राजू ओबेरॉय, जसप्रीत सिंह, विकास अरोड़ा, गौरव कपूर, नमित धवन, सूबा सिंह, राजू, दर्शन मल्होत्रा, चेतन अरोड़ा, विकास कुमार, रमेश कुमार बिट्टा, जसविंदर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राकेश शर्मा बने श्री शारदा माता मंदिर के चेयरमैन



जीरकपुर /यूटर्न/23 मार्च। श्री शारदा माता मंदिर साधुनगर की संस्था ह्यश्री शारदा माता परिवार 7249ह्न में आज एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के प्रधान राकेश अचिंत व सभी सदस्यों की सहमति से राकेश शर्मा को संस्था का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया। नियुक्ति के उपरांत प्रधान द्वारा राकेश शर्मा का मीठा मुंह करवाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। नवनियुक्त चेयरमैन राकेश शर्मा ने कहा कि वह मंदिर के सभी कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे तथा संस्था के सभी सदस्यों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर सेक्ट्री रजनीश शर्मा, वाइस प्रधान दीपक मग्गो, कैशियर कुणाल कौशिक सहित सदस्य संदीप भटनागर, तुषार कौशिक, सुमित वर्मा, अमरीश भल्ला, प्रकाश कुमार, जतिन धीमान और अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# श्री राम नवमीं के उपलक्ष्य में श्री रामायण ज्ञान यज्ञ, सुंदरकांड पाठ में उमड़ी श्रद्धा





माँ रेखा बेदी



संयम भल्ला



आशिमा बेदी



सुदर्शन जैन

लुधियाना/यूटर्न/23 मार्च। श्री राम शरणम्, श्री राम पार्क में श्री राम नवमीं के पावन नवरात्रों के उपलक्ष्य में श्री रामायण ज्ञान यज्ञ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ जारी है। आज की सभा में सुंदरकांड का पाठ अत्यंत श्रद्धा के साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



आशिमा बेदी



अपने संबोधन में संत Ashwani Bedi जी महाराज ने कहा कि सुंदरकांड, Ramayana का अत्यंत महत्वपूर्ण भाग है, जिसमें भगवान राम, माता सीता और हनुमान जी के दिव्य स्वरूप का सुंदर वर्णन मिलता है। उन्होंने बताया कि सुंदरकांड आशा, विश्वास और सफलता का प्रतीक है, जो जीवन की कठिनाइयों से उबरने की प्रेरणा देता है। उन्होंने हनुमान जी के समुद्र लांघने, माता सीता की खोज और रावण के अहंकार के विनाश का उल्लेख करते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प और ईश्वर में विश्वास से कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। यह पाठ व्यक्ति में आत्मविश्वास जगाता है और निराशा को दूर करने का मार्ग दिखाता है। कार्यक्रम में भक्ति भाव से चौपाइयों का गायन किया गया। आयोजकों के अनुसार, यज्ञ का समापन 26 मार्च को श्री राम नवमीं के अवसर पर होगा, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



## रूह से रूबरू







चारू नागपाल

### देश भक्ति या मसाला फिल्म?

फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर दर्शकों के बीच काफी चर्चा हो रही है। कुछ लोग इसे एक बेहतरीन देशभक्ति फिल्म मानते हैं, तो कुछ का मानना है कि इसमें पाकिस्तान के विषय को जोड़कर केवल देशभक्ति का तड़का लगाया गया है। सच यह है कि आजकल कई फिल्मों में वास्तविक घटनाओं के साथकाल्पनिक तत्व मिलाकर कहानी को ज्यादा रोचक बनाने की कोशिश की जाती है।

'धुरंधर 2' में भी यही देखने को मिलता है। कहानी का एक हिस्सा वास्तविकता से जुड़ा हुआ लगता है, जबकि दूसरा हिस्सा पूरी तरह कल्पना पर आधारित है। इसके अलावा फिल्म में अत्यधिक मारधाड़ और खून-खराबा दिखाया गया है, जो कुछ दर्शकों को आकर्षित करता है, लेकिन कुछ के लिए यह अनावश्यक भी लग सकता है। यह भी सच है कि आज के दौर में मसाला फिल्मों की मांग बढ़ गई है। जितना ज्यादा एक्शन, देशभक्ति और भावनात्मक दृश्य डाले जाते हैं, उतनी ही फिल्म की लोकप्रियता बढ़ने की संभावना रहती है।लेकिन एक अच्छी फिल्म के लिए केवल मसाला ही काफी नहीं होता, बल्कि मजबूत कहानी और अभिनय भी जरूरी होते हैं। इसलिए 'धुरंधर 2' की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि दर्शक इसे केवल मनोरंजन के रूप में देखते हैं या एक गंभीर कहानी के रूप में।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Duplicate Sale क्या है? जब एक ही संपत्ति दो लोगों को बेच दी जाए

संपत्ति विवादों में एक गंभीर स्थिति तब पैदा होती है, जब एक ही संपत्ति को अलग-अलग व्यक्तियों को बेच दिया जाता है। इसे सामान्यत: Duplicate Sale कहा जाता है।

ऐसे मामलों में यह देखा जाता है कि किस खरीदार का दस्तावेज पहले registered हुआ है और किसने उचित सावधानी (due diligence) बरती थी। अदालतें सामान्यत: पंजीकरण और दस्तावेजों की वैधानिकता के आधार पर निर्णय करती हैं।

Duplicate Sale अक्सर तब होती है, जब खरीदार दस्तावेजों की पूरी जाँच नहीं करता या केवल Agreement to Sell के आधार पर भुगतान कर देता है।

इससे बचने के लिए आवश्यक है कि संपत्ति खरीदते समय Encumbrance Certificate, title chain और registration प्रक्रिया की सही जाँच की जाए।

निष्कर्ष: Duplicate Sale संपत्ति विवाद का गंभीर रूप है। उचित जाँच और समय पर पंजीकरण ही खरीदार की सबसे बड़ी सुरक्षा है।

# 28-29 मार्च को आयोजित होगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर, भाजपा ने कसी कमर

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/मार्च। जगरांव विधानसभा क्षेत्र में आगामी 28 और 29 मार्च को आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर की योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में विशेष रूप से प्रशिक्षण शिविर के जिला प्रभारी सौरभ कपूर शामिल हुए, जिन्होंने भाजपा कार्यकताओं को शिविर की रूपरेखा और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।





**शिविर की मुख्य बातें, प्रशिक्षण का दायरा:** सौरभ कपूर ने बताया कि भाजपा द्वारा यह प्रशिक्षण शिविर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लगाए जाएंगे। प्रतिभागी: इन शिविरों में सर्कल स्तर के पदाधिकारी, जिले के पदाधिकारी और विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष अनिवार्य रूप से हिस्सा लेंगे।

**उद्देश्य:** शिविर का मुख्य उद्देश्य पार्टी के नए और पुराने पदाधिकारियों को भाजपा के इतिहास, भविष्य की योजनाओं और केंद्र की मोदी सरकार की जन-हितैषी योजनाओं से अवगत कराना है।

**जन-संपर्क:** कार्यकताओं को इस बात के लिए प्रेरित किया जाएगा कि वे इन सरकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुँचाएं ताकि आम जनता इनका लाभ उठा सके।

**राज्य सरकार पर निशाना और संगठनात्मक तैयारी:** जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर की सफलता के लिए कार्यकताओं की ड्यूटियाँ लगा दी गई हैं और सभी कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ इसकी तैयारियों में जुटे हैं। उन्होंने पंजाब सरकार की आलोचना करते हुए कहा के केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं को पंजाब सरकार ने रोककर पंजाब के लोगों के साथ अन्याय किया है। हर भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि वह इन शिविरों से ज्ञान प्राप्त कर योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुँचाए।

**बैठक में उपस्थित गणमान्य:** इस अवसर पर जिला महासचिव सुमित अरोड़ा, राज वर्मा, सुरेश गर्ग, सर्कल अध्यक्ष नवनीत गुप्ता, गुरभेज सिंह, गौरव गुप्ता, अनिल कुमार सेंटी, नवीन जैन, डॉ. निर्मल भुल्लर, जसमेल सिंह धालीवाल, राजपाल जैन, हरि ओम वर्मा, जगसीर सिंह, संजीव भट्ट, सुरेश खन्ना, शमी सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

यूटर्न टाइम

# वार्ड 92 व वार्ड 68 के डेवलपमेंट योद्धा हर घर का दरवाजा खटखटा तैयार करेंगे विकास कार्यो की सूची - बग्गा



लुधियाना/यूटर्न/23 मार्च। विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने विधायक-वालंटियर मिलनी के तहत के वार्ड 92 वार्ड 68 के डेवलपमेंट योद्धाओं की टीम के साथ ब्रेकफास्ट कर डेवलपमेंट के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट में चर्चा की।

स्थानीय सलेम टाबरी स्थित विधायक मुख्यालय में आयोजित मिलनी में वार्ड पार्षद बिट्टू भारद्वाज व पार्षद पुष्पिन्द्र भनोट बिट्टू के नेतृत्व में वार्ड में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 200 से ज्यादा गणमान्य शख्शियतें मौजूद रही। विधायक बग्गा ने पिछले चार वर्ष के बतौर विधायक कार्यकाल में दोनो वार्डो में करवाए विकास कार्यो पर फीडबैक लिया। बैठक में मौजूद वार्ड-92 व वार्ड-68 के डिवैल्मैंट योद्धाओ की टीम से आग्रह किया कि वह हर घर का दरवाजा खटखटा कर डिवैल्पमैंट की फीड बैक लेकर जनमानस की जरुरत के अनुसार बाकी बचे विकास कार्यो की रिपोर्ट तैयार करें। इस दौरान आप के पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने आनलाइन बैठक में शामिल होकर पार्टी वालंटियरो से सीधे बातचीत कर सरकार की नितियो को घर-घर तक पंहुचाने का आहवान किया। इस अवसर पर पार्षद अमन बग्गा, गौरव बग्गा, पार्षद बिट्टू भारद्वाज व पार्षद पुष्पिन्द्र भनोट बिट्टू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# आप विधायक लालजीत भुल्लर का भाजपा ने फैंका पुतला

## डा रंधावा सुसाइड मामले में पंजाब सरकार के खिलाफ किया रोष प्रदर्शन



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/23 मार्च। भाजपा जिलाध्यक्ष निपुण शर्मा की अध्यक्षता में डॉ. गगनदीप सिंह की सुसाइड मामले में आप विधायक लालजीत भुल्लर के खिलाफ भाजपा विधायक का पुतला जलाकर रोष प्रदर्शन किया।

इस मौके भाजपा जिलाध्यक्ष निपुण शर्मा ने कहा कि डॉ. गगनदीप सिंह की सुसाइड वीडियो मामले में, जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, उनके पिता और उनके पीए को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया, इसके बावजूद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केवल लालजीत भुल्लर का इस्तीफा स्वीकार कर मामले को दबाने का प्रयास किया। जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ संबंधित थाने के बाहर धरना देकर दबाव बनाया, तब जाकर देर रात पुलिस ने लालजीत सिंह भुल्लर, उनके पिता और उनके पीए के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। हालांकि, अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। यह स्पष्ट करता है कि भगवंत मान आरोपियों को बचाना चाहते हैं। भाजपा की पंजाब इकाई ने पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक डॉ. गगनदीप सिंह रंधावा को न्याय दिलाने के अभियान को आगे बढ़ाते हुए 23 मार्च को पूरे पंजाब में जिला स्तर पर प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया था उसी कड़ी में आज यह रोष प्रदर्शन किया गया है।

प्रदेश उपाध्यक्ष बीबी महिन्द्र कौर जोश ने कहा कि पंजाब में जंगलराज चल रहा है।पंजाब के मुख्यमंत्री मान और उनके विधायकों का भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और अपने नाजायज कामों को करवाने के लिए सरकारी अधिकारियों पर दबाव डाल रहे हैं जो अधिकारी इनका कहना नहीं मानता उसे जलील किया जाता है,नतीजन डा रंधावा जैसे लोग खुदकुशी करने पर मजबूर होते है।पंजाब की बदकिस्मती है कि यहां पर मान सरकार है और रंगला पंजाब बनाने की बातें करने वाली सरकार के विधायक सरकारी तंत्र का गला घोंट रहे है।

इस मौके प्रदेश की ओर से विशेष तौर पर पहुंचे प्रदेश सचिव मीनू सेठी ने कहा कि पूर्व मंत्री विजय सिंगला, फौजा सिंह सरारी और अन्य आम आदमी पार्टी विधायकों से जुड़े मामलों को जिस तरह दबाया गया, उससे साफ है कि यह मामला भी मुख्यमंत्री मान द्वारा दबाया जा रहा है। इसलिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए भाजपा सीबीआई जांच की मांग करती है। उन्होंने पंजाब में तेजी से बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की।

# हिमाचल प्रांतीय सभा की तरफ से वार्षिक समारोह 5 अप्रैल को होगी आयोजित



लुधियाना/यूटर्न/23 मार्च। हिमाचल प्रांतीय सभा की तरफ से वार्षिक समारोह का आयोजन 5 अप्रैल को स्थानीय प्रभात नगर स्थित हिमाचल भवन में किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी हिमाचल प्रांतीय सभा के अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने वार्षिक समारोह की तैयारियों संबंधी बैठक को संबोधित करते हुए दी। इससे पूर्व अनिल ठाकुर ने हिमाचल प्रांतीय सभा के नए मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां कर नई जिम्मेदारियां सौंपी। ठाकुर ने प्रांतीय सभा के नाम पर सदस्यों को भ्रमित करने वाली ताकतों से सुचेत करते हुए सभा के नाम पर गुमराह करने वालों को चेतावनी दी कि वह संगठन के नाम का दुरुपयोग न करें। अंजीव कुमार को चेयरमैन व लवलेश शर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया। इसी तरह केसर सिंह को डाबा रोड मंडल का चेयरमैन व प्यार सिंह को अध्यक्ष, सुभाष चंद को चेयरमैन व सुमित ठाकुर को सराफा बाजार मंडल अध्यक्ष बनाया। विजय ठाकुर को चेयरमैन व सुरिन्द्र गुज्जर को सिविल लाइन मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर हिमाचल प्रांतीय सभा के संस्थापक कश्मीर चंद पटियाल, चेयरमैन कर्मचंद शर्मा, सचिव राज कुमार शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, ध्यानचंद ठाकुर, सुरेश शर्मा, रुप सिंह राणा, संत सिंह राणा, राकेश मिन्हास,शाम लाल डोगरा, प्यार चंद शर्मा, संजीव मौदगिल, अनुराग राणा, विपन शर्मा, हरबंस राणा,विक्की राजपूत, रवि शर्मा,रविन्द्र कटौच, सुभाष चंद,अशोक शर्मा, बिट्टू शर्मा, सुरिन्द्र गुज्जर, विजय ठाकुर उपस्थित रहे।

# लुधियाना के दुगरी इलाके में बंद कोठी में चोरी: घर से चोरों ने चांदी के सिक्के, मूर्तियां, पीतल के बर्तन चुराए; पुलिस जांच में जुटी



लुधियाना/ यूटर्न/23 मार्च। लुधियाना के दुगरी इलाके में चोरी की घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। ताजा मामला शहीद भगत सिंह नगर, पखोवाल रोड का है, जहां चोरों ने एक बंद कोठी को अपना निशाना बनाया। चोर घर की बालकनी की ग्रिल तोड़कर अंदर घुसे और घर में रखे बर्तन, गैस सिलेंडर, कपड़े और अन्य कीमती सामान चुराकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता अभिषेक भगत, जो मुंबई में नौकरी करते हैं, ने बताया कि उनकी माता सुरिंदर भगत घर को बंद करके उन्हें मिलने के लिए मुंबई गई हुई थी। घर पूरी तरह से बंद होने का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने यह वारदात की। यह घटना गुरुवार की रात करीब 1:20 बजे हुई। शुरूआती जांच और उउळश फुटेज के आधार पर पता चला है कि दो अज्ञात व्यक्ति बालकनी की ग्रिल काटकर घर में घुसे और पूरे घर की तलाशी लेकर कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरों ने घर से चांदी के सिक्के, मूर्तियां, पीतल के बर्तन, ब्रांडेड घड़ियां, छउऊटीवी, 3 रसोई गैस सिलेंडर, बैंक की चेकबुक, पासबुक, टोटियां, चांदी के गिलास और महिलाओं के कपड़े चुरा लिए। दुगरी थाना पुलिस ने अभिषेक भगत की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ त्रक्षफ्रदर्ज कर दी है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305 और 3(5) के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस इलाके के अन्य उउळश फुटेज की जांच कर रही है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की आशंका जताई गई है।

# एक प्रयास का आनंदमय वार्षिक समारोह: प्रतिभा, आत्मविश्वास और समावेशन का प्रेरक उत्सव



लुधियाना/यूटर्न/23 मार्च। ऑटिज्म और विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए समर्पित संस्थान एक प्रयास द्वारा वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रतिभा, आत्मविश्वास और समावेशन का अद्भुत संगम बनकर सामने आया। जिसमें बच्चों की रचनात्मकता और हुनर ने सभी का मन मोह लिया।इस अवसर पर प्रतिष्ठित मुख्य अतिथि उमेश मुंजाल और क्रीमिका ग्रुप की रजनी बैक्टर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। स्कूल का लॉन रंगारंग प्रस्तुतियों से जीवंत हो उठा। बच्चों ने मधुर संगीत और मनमोहक नृत्य के माध्यम से अपनी असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया। हर प्रस्तुति उनके साहस, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का जीवंत उदाहरण थी।मुख्य अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में समावेशन और संवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष जरूरतों वाले बच्चों को अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान माता-पिता, शिक्षक और स्वयंसेवक बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर गर्व और भावनाओं से अभिभूत नजर आए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक अरोड़ा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए संस्थान के प्रयासों की सराहना की।

# चंडीगढ़ में नशा तस्कर को 10 साल की जेल: वकील की दलील- इकलौता कमाने वाला, कोर्ट ने कहा- नशा युवाओं के लिए कलंक

चंडीगढ़/ यूटर्न/23 मार्च।चंडीगढ़ की एक अदालत ने नशा तस्करी के मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी अरुण कुमार (32), निवासी मौली जागरान, को एनडीपीएस एक्ट के तहत 10 साल की सख्त सजा और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उसे 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसके अलावा, आरोपी से हथियार बरामद होने के चलते अदालत ने आर्म्स एक्ट के तहत 7 साल की सजा और 2000 रुपये का जुर्माना भी




लगाया है। जुर्माना न भरने पर 15 दिन की अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी और ट्रायल के दौरान बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। दोषी की ओर से बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि वह अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला है और उसके बुजुर्ग माता-पिता बीमार रहते हैं, इसलिए उसे राहत दी जानी चाहिए। हालांकि, अदालत ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि आरोपी के पास से 20 किलो 300 ग्राम गांजा, एक पिस्तौल और 6 कारतूस बरामद हुए हैं। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि नशा समाज और युवाओं को बर्बाद कर रहा है, इसलिए ऐसे मामलों में किसी तरह की नरमी नहीं बरती जा सकती।

# मलोया में मानवता की मिसाल: 252 यूनिट रक्तदान के साथ शहीद भगत सिंह यूथ क्लब का भव्य शिविर सफल

अजीत झा,
चंडीगढ़ चंडीगढ़ के मलोया गांव में सोमवार को सेवा, समर्पण और सामाजिक जागरूकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जब शहीद भगत सिंह युथ क्लब मलोया द्वारा चौथे विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं, महिलाओं और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 252 यूनिट रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

यह शिविर न केवल एक सामाजिक आयोजन रहा, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन को बचाने की दिशा में एक बड़ा योगदान भी साबित हुआ। लगातार चौथी बार आयोजित इस कैंप ने यह साबित कर दिया कि मलोया का युवा वर्ग समाज सेवा में



अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

**युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह....**शिविर के दौरान सुबह से ही रक्तदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन स्थल पर उत्साह और सेवा भावना का माहौल बना रहा, जहां हर कोई किसी न किसी रूप में योगदान देता नजर आया।

**समाज सेवा का मजबूत संदेश...**आयोजकों का कहना है कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई दान नहीं। इस तरह के शिविर न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचाते हैं, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देते हैं कि हर व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए।

**इन सदस्यों ने निभाई अहम भूमिका...**इस सफल आयोजन के पीछे क्लब के सदस्यों झ अमनदीप सिंह, कुलविंदर सिंह, जसविंदर सिंह, विक्रम सिंह, तजवीर सिंह, रघु सैनी, भूपिंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, सैंटी सैनी, रिंकू सैनी और प्रतीक सिंह झ का विशेष योगदान रहा। इन सभी ने मिलकर पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को संभाला और इसे सफल बनाया।

**भविष्य में भी जारी रहेंगे ऐसे प्रयास...**कार्यक्रम के अंत में क्लब की ओर से सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्य जारी रखे जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों की मदद की जा सके। मलोया में आयोजित यह शिविर न सिर्फ एक सफल आयोजन रहा, बल्कि यह भी दिखा गया कि जब समाज एकजुट होता है, तो बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# गगनदीप सुसाइड केस में सीएम मान पर निशाना, हरसिमरत ने ठहराया जिम्मेदार

बठिंडा/यूटर्न/23 मार्च। वेयरहाउस के डीएम गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या का मामला अब सियासी रंग ले चुका है। शिरोमणि अकाली दल की वरिष्ठ नेता Harsimrat Kaur Badal ने पंजाब के मुख्यमंत्री Bhagwant Mnn पर सीधा हमला बोलते हुए उन्हें इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया। Bhagat Singh को श्रद्धांजलि देने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार के दबाव और प्रशासनिक



नाकामी का परिणाम है। उन्होंने पूर्व मंत्री Laljit Singh Bhullar की गिरफ्तारी में हुई देरी पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वीडियो सामने आने के बावजूद तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आरोपी को फरार होने का मौका मिला। उन्होंने मांग की कि भुल्लर के साथ उनके पिता और पीए पर भी तुरंत कार्रवाई की जाए।

हरसिमरत ने राज्य में कानून के दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए कहा कि आम लोगों के मामलों में तेजी दिखाई जाती है, जबकि सत्ताधारी नेताओं को राहत दी जाती है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों पर बढ़ते दबाव और नशे के मुद्दे को उठाते हुए सरकार को घेरा और प्रदेश में बदलाव की जरूरत पर जोर दिया।

## सेक्टर-39 डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का उद्घाटन, डिजिटल शिक्षा की दिशा में बड़ा कदम



चंडीगढ़/यूटर्न/23 मार्च। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के प्रयासों से सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-39 डी में विद्यार्थियों के लिए अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब स्थापित की गई है। एसएमएल इसुजु द्वारा 15 कंप्यूटर प्रदान कर तैयार की गई यह लैब शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आई है। इस पहल से न केवल विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्राप्त होगी, बल्कि वे डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को सशक्त भी बना सकेंगे। कंप्यूटर लैब का उद्घाटन शिक्षा सचिव प्रेरणा पुरी, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा एवं डीपीआई स्कूल नीतीश सिंगला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर एसोचैम चंडीगढ़ के अध्यक्ष एवं एसएमएल इसुजु के प्रतिनिधि राकेश भल्ला, प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि रावत, इंटेलेक्चुअल सेल की कन्वीनर डॉ. मोनिका बी. सूद, मंडल अध्यक्ष अमित नागर, पार्षद गुरबख्श कौर, स्कूल प्रिंसिपल एवं स्कूल स्टाफ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## चंडीगढ़ में नशा तस्कर को 10 साल की जेल: वकील की दलील- इकलौता कमाने वाला, कोर्ट ने कहा- नशा युवाओं के लिए कलंक



चंडीगढ़/ यूटर्न/23 मार्च।पंजाब और चंडीगढ़ में पिछले दो दिनों से मौसम साफ रहने के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। बीते 24 घंटों में तापमान में करीब 2.1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है, जिससे यह सामान्य स्तर के करीब पहुंच गया है। रूपनगर में अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चंडीगढ़ में यह 28.1 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, 23 मार्च को राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना है, हालांकि किसी प्रकार का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। जिन जिलों में बारिश के आसार हैं, उनमें पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, होशियारपुर, फिरोजपुर, फाजिल्का, फरीदकोट, मुक्तसर, मोगा और बठिंडा शामिल हैं। वहीं, 24 मार्च को मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा, लेकिन 25 और 26 मार्च को फिर से कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इन जिलों में पठानकोट, गुरदासपुर, होशियारपुर, नवांशहर और रूपनगर शामिल हैं।

मौसम में इस बदलाव का कारण सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ है, जो ऊपरी वायुमंडल में हलचल पैदा कर रहा है। मौसम विभाग के डायरेक्टर सुरेंद्र पाल के मुताबिक, 23, 25, 26 और 28 मार्च को अलग-अलग स्थानों पर बारिश हो सकती है। साथ ही, अगले चार दिनों में तापमान 4 से 7 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है, जिसके बाद इसमें स्थिरता आ जाएगी।

यूटर्न टाइम

# जालंधर में फर्जी नाका लगाकर लोगों से अवैध वसूली: PAP का कर्मचारी रंगे हाथों गिरफ्तार, गुस्साई भीड़ ने आरोपी को पीटा



जालंधर/ यूटर्न/23 मार्च। जालंधर के नकोदर रोड पर पंजाब आर्म्ड पुलिस (PAP) के एक कर्मचारी द्वारा फर्जी नाका लगाकर लोगों से अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों और एक निहंग सिंह की सतर्कता के कारण आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया, जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। जानकारी के अनुसार आरोपी पीएपी में तैनात था और सिविल वर्दी में वाहन रोककर दस्तावेज चेकिंग के नाम पर पैसे मांग रहा था। वह अपने साथी के साथ वाहन रोककर राहगीरों से पैसों की मांग कर रहा था। जब हंगामा बढ़ा, तो उसका साथी अपनी कार में बैठकर मौके से फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी ने शुरू में अपनी गलती मानी, लेकिन बाद में बचने के लिए झूठी कहानी गढ़ने लगा और दावा किया कि वह किसी बाइक सवार का पीछा कर रहा था। इस पर स्थानीय लोग और निहंग सिंह भड़क गए। निहंग सिंह ने पुलिस को सूचित करने की बात कही, जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और फर्जी नाके का भंडाफोड़ हुआ। भीड़ ने आरोपी की जमकर धुनाई की और उसने देर तक अपना मुंह छिपाया।

थाना लांबड़ा की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से विभाग की छवि खराब होती है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। यह जालंधर में फर्जी नाके का पहला मामला नहीं है।

## जालंधर डिपो पर PRTC कर्मियों का प्रदर्शन:किलोमीटर स्कीम रद्द करने और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग



जालंधर/ यूटर्न/23 मार्च। जालंधर में पंजाब रोडवेज और पीआरटीसी (PRTC) कॉन्ट्रैक्ट वर्कर यूनियन ने लंबित मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को जालंधर डिपो में कर्मचारियों द्वारा विशाल 'गेट रैली' का आयोजन किया गया। मुख्य मांगों में 'किलोमीटर स्कीम' के तहत जारी टेंडरों और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की प्रक्रिया शामिल है। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार और प्रशासन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देते हैं, तो आंदोलन और अधिक उग्र हो सकता है। उन्होंने कहा कि किलोमीटर स्कीम प्राइवेट कॉन्ट्रैक्टरों को बसें चलाने की अनुमति देती है, जिसमें केवल कंडक्टरों को शामिल किया जाएगा। उनका आरोप है कि यह कदम परिवहन विभाग के निजीकरण की दिशा में बड़ा खतरा है और इससे सरकारी खजाने और कर्मचारियों के रोजगार दोनों प्रभावित होंगे। कर्मचारियों ने स्पेशल कैडर पॉलिसी 2023 के तहत कॉन्ट्रैक्ट और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को सुरक्षा देने की भी मांग की। यूनियन का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे कच्चे कर्मचारियों को जल्द पक्का किया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और कहा कि वे लंबे समय से कम वेतन पर काम कर रहे हैं। यूनियन ने अपने मांग पत्र में विभागीय मुद्दों के अलावा किसानों और मजदूरों की समस्याओं को भी शामिल किया है, और सरकार से सभी वर्गों के हित में समाधान की अपील की है।

# फरीदकोट में गैस की होम डिलीवरी बंद: एजेंसियों के दफ्तरों व गोदामों में लगी उपभोक्ताओं की कतारें, बुकिंग में दिक्कत बरकरार




फरीदकोट/ यूटर्न/23 मार्च।इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव का असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडरों की सप्लाई प्रभावित होने से कई राज्यों में किल्लत की स्थिति बन रही है। पंजाब के फरीदकोट जिले में हालात ऐसे हो गए हैं कि गैस एजेंसियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी अस्थायी रूप से बंद कर दी है। इस फैसले के बाद उपभोक्ताओं को अब खुद गैस एजेंसी के दफ्तर या गोदाम तक पहुंचकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है। होम डिलीवरी बंद होने से एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोटकपूरा शहर में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है, जहां विभिन्न गैस एजेंसियों और गोदामों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम भी ठीक से काम नहीं कर रहा, जिससे दिक्कत और बढ़ गई है। लोगों को पहले एजेंसी जाकर बुकिंग करवानी पड़ रही है और फिर पर्ची लेकर गोदाम से सिलेंडर हासिल करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द सप्लाई व्यवस्था को सुचारू किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# पंजाबी सिंगर कंवर ग्रेवाल के गीतों पर थिरके दर्शक: कपूरथला में तीन दिवसीय हेरिटेज मेला संपन्न, पंजाब की समृद्ध विरासत की दिखी झलक



कपूरथला/यूटर्न/23 मार्च।कपूरथला में पंजाब सरकार के पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा गुरु नानक स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय हेरिटेज मेला-2026 रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस भव्य आयोजन में पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, खासकर कपूरथला की ऐतिहासिक पहचान को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया गया। समापन समारोह में मशहूर गायक कंवर ग्रेवाल ने अपने सूफी गीतों से समां बांध दिया और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पहले गुरनाम भुल्लर और सिकंदर सलीम ने भी अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत बना दिया था। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के हलका इंचार्ज करमबीर सिंह, नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन सज्जन सिंह चीमा, एसएसपी गौरव तूरा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मेले में भांगड़ा, गिद्दा, सम्मी, धड़ी कला, बोलियां, कविता गायन और स्टैंड-अप कॉमेडी जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके अलावा पंजाबी हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और आकर्षक सेल्फी पॉइंट्स भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। डीसी अमित कुमार पंचाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेले युवा पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## जालंधर में कार पेंटर से लूट, नकद रुपए छीने:दो लुटेरों ने गोली मारने की धमकी दी, मोबाइल तोड़ा; पुलिस जांच में जुटी



जालंधर/ यूटर्न/23 मार्च। जालंधर जिले के गोराया थाना क्षेत्र में लूट की एक और घटना सामने आई है। यह वारदात गांव घुरका के पास संग ढेसियां नहर पुल के नजदीक हुई। जानकारी के अनुसार, कार पेंटर जसवीर राज से दो अज्ञात लुटेरों ने एक हजार रुपये नकद छीन लिए और उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि वह काम से छुट्टी लेकर अपने रिश्तेदारों के घर जा रहे थे, तभी रास्ते में बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। लुटेरों ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी और नकदी लूटकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एएसआई बावा सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। फिलहाल इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## जालंधर में दो परिवारों में मारपीट:पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद, महिला और बच्चों से बदसलूकी; पुलिस जांच जारी

जालंधर/ यूटर्न/23 मार्च।जालंधर के कबीर नगर इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां दो पड़ोसी परिवारों के बीच पुराना विवाद खूनी झगड़े में बदल गया। मामूली कहासुनी से



शुरू हुआ यह विवाद देखते ही देखते हिंसक हो गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान गाली-गलौज के साथ एक-दूसरे के कपड़े तक फाड़ दिए गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि विवाद की जड़ पैसों का लेनदेन है। उनका कहना है कि उन्होंने आरोपियों को कुछ पैसे उधार दिए थे, जिन्हें वापस मांगने पर लगातार तनाव बना रहता था। घटना वाले दिन पीड़ित अपने बेटे के साथ बाजार से लौट रहा था, तभी घर के पास गाड़ी बैक करते समय कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि रोशन लाल, रुपेश, पप्पू और उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर हमला कर दिया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी नाबालिग बेटी के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उनकी गर्भवती पत्नी पर इस तनाव का बुरा असर पड़ा है। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर जांच कर रही है।

## ट्रैफिक पुलिस कर्मी पर छेड़छाड़ का आरोप, मामला दर्ज

डेराबस्सी/यूटर्न/23 मार्च। एक युवती के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में हरियाणा के पंचकूला स्थित ट्रैफिक पुलिस के एक कर्मी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार डेराबस्सी थाना पुलिस को इस संबंध में जीरो एफआईआर प्राप्त हुई थी। जांच अधिकारी एएसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि गुरदयाल सिंह, जो पंचकूला ट्रैफिक पुलिस में कार्यरत है, उससे उसकी पहले से जान-पहचान थी। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी और आरोपी कई बार उसे घर भी छोड़ चुका था। पीड़िता के अनुसार 7 जनवरी की शाम करीब 7 बजे जब वह घर जा रही थी, तो जीरकपुर के बिग बाजार के पास आरोपी ने उसे रोक लिया और चाय पीने के लिए कहा। इसके बाद वह उसकी कार में बैठकर बलटाना गई, जहां चाय पीने के बाद आरोपी उसे डेराबस्सी की ओर ले गया। रास्ते में आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

यूटर्न टाइम

# वन विभाग के कर्मचारी को रिश्वतखोरी मामले में 4 साल की सजा, 10 साल बाद आया फैसला






अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मार्च। चंडीगढ़ में भ्रष्टाचार के एक पुराने मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए वन विभाग के एक कर्मचारी को दोषी करार दिया है। करीब 10 साल पुराने रिश्वतखोरी केस में अदालत ने आरोपी अमृतपाल सिंह को चार साल की सजा और 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

मामला वर्ष 2015 का है, जब अमृतपाल सिंह डिप्टी कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट, चंडीगढ़ के कार्यालय में जूनियर असिस्टेंट के पद पर तैनात था। उस पर आरोप था कि उसने खुड़ा अलीशेर निवासी लकड़ी व्यापारी कल्याण सिंह से पेड़ काटने के मामले में कार्रवाई न करने के बदले रिश्वत की मांग की थी।

### 70-80 हजार की मांग, 10 हजार लेते पकड़ा गया

शिकायत के अनुसार, आरोपी ने पहले 1 लाख रुपये की मांग की, जिसे बाद में 70-80 हजार रुपये में 'सेटल' करने की बात कही। 28 जून 2015 को आरोपी शिकायतकर्ता की दुकान पर पहुंचा और बिना अनुमति पेड़ काटने के मामले में केस दर्ज कराने और 7 साल की सजा का डर दिखाया। इसी दौरान उसने 10 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर ले लिए। इससे पहले वह 5 हजार रुपये भी ले चुका था और बाकी रकम लेने के लिए दोबारा आने की बात कही थी।

### रिकॉर्डिंग के आधार पर हुई कार्रवाई

पीड़ित कल्याण सिंह ने आरोपी के साथ हुई बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया और विजिलेंस विभाग में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत और सत्यापन के बाद 29 जून 2015 को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। विजिलेंस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया था। जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद मामला अदालत में विचाराधीन रहा।

### अदालत का सख्त फैसला

लंबी सुनवाई के बाद अब अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए चार साल की सजा और 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इस फैसले को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। यह मामला दर्शाता है कि भले ही न्याय मिलने में समय लगे, लेकिन कानून के शिकंजे से भ्रष्टाचार करने वाले बच नहीं सकते।

# बच्चे ने की गुटका साहिब की बेअदबी, सीसीटीवी में घटना कैद, सिख समुदाय भड़का



खन्ना/यूटर्न/23 मार्च। खन्ना में बेअदबी का मामला सामने आया है। यहां गली में पवित्र गुटका साहिब के फटे हुए अंग बिखरे मिले हैं। जिसके बाद सिख संगठन भड़क उठे। वह तुरंत वहां पहुंचे और पुलिस बुला ली। पुलिस ने जांच की तो सीसीटीवी फुटेज में 11 साल का बच्चा गुटका साहिब के अंग बिखेरता हुआ नजर आया। जिसके बाद पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर बच्चे के बारे में तलाश शुरू कर दी है। लोगों का आरोप है कि यह सिर्फ बच्चे की हरकत नहीं हो सकती। जरूर इसके पीछे कोई गहरी साजिश है। पुलिस को इस मामले की पूरी पूछताछ कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। बेअदबी से जुड़ी फुटेज पर 21 मार्च का दिन और दोपहर 2 बजे के लगभग का टाइम दिखा रहा है। इसमें दिख रहा है कि एक लड़का गली से गुजर रहा है। वह पहले आगे-पीछे देखता है। इस दौरान वह अपने हाथ से गुटका साहिब के अंग फाड़-फाड़कर गली में ही नीचे फेंक रहा है इस दौरान उसके सामने से एक व्यक्ति गुजरता है लेकिन वह भी बच्चे की तरफ देखता है। वह थोड़ी देर रुककर वह बच्चे को कुछ पूछता है। बच्चा भी पीछे मुड़कर देखता है लेकिन फिर अंगों को हवा में फेंकते हुए आगे गुजरता चला जाता है। इस दौरान कोई बच्चे को नहीं रोकता।

# एयरोसिटी में तेज रफ्तार कार का कहर, पैदल जा रहे युवक की मौत

जीरकपुर/यूटर्न/23 मार्च। एयरोसिटी क्षेत्र में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा जीरकपुर-मोहाली एयरपोर्ट रोड पर उस समय हुआ, जब दो युवक पैदल पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे।

मृतक की पहचान शीश पाल (करीब 41 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पेशे से भवन चित्रकार था। वह अपने चचेरे भाई विनोद के साथ एयरोसिटी स्थित अपने घर से एचपी पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था।

प्रत्यक्षदर्शी विनोद के अनुसार, जैसे ही दोनों मुख्य सड़क पार कर रहे थे, तभी जीरकपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने शीश पाल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क के डिवाइडर से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया।




हादसे के बाद आरोपी चालक ने कुछ दूरी पर कार रोकी। राहगीरों की मदद से घायल को उसी कार में चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित जीएमसीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि मौके का फायदा उठाकर आरोपी चालक अस्पताल से फरार हो गया। शिकायतकर्ता विनोद ने पुलिस को बताया कि वह आरोपी को पहचान सकता है।

पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ है। फरार चालक की तलाश जारी है।

# बिना किसी रुकावट के पेंशन जारी रखने के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करें

## मार्च से पहले सर्टिफिकेट जमा करना जरूरी होगा



सोनू टुटेजा

बठिंडा, यूटर्न, 23 मार्च। पंजाब सरकार ने रिटायर्ड पेंशनर्स की सुविधा और ट्रांसपेरेंसी के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण) जमा करना जरूरी कर दिया है। यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरी ऑफिसर श्री नरेश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि कई पेंशनर्स ने अभी भी बैंकों में मैनुअल सर्टिफिकेट जमा किए हैं, जिन्हें अब मान्यता नहीं मिलेगी। अपनी पेंशन बिना किसी रुकावट के जारी रखने के लिए, आप तुरंत अपने नजदीकी ट्रेजरी ऑफिस, संबंधित बैंक की ब्रांच या सर्विस सेंटर में अपना डिजिटल सर्टिफिकेट जमा कर सकते हैं। इसके अलावा, डोर-स्टेप डिलीवरी: आप राज्य सरकार की 'घर बैठे सेवा' के जरिए 1076 पर कॉल करके भी इस सुविधा का फायदा उठा सकते हैं। इसी तरह, आप घर बैठे जीवन प्रमाण पत्र ऐप डाउनलोड करके भी यह प्रोसेस पूरा कर सकते हैं। उन्होंने राज्य सरकार के सभी रिटायर्ड पेंशनर्स से अपील की कि वे 31 मार्च 2026 से पहले अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण) जमा कर दें।

# ढकोली में किरयाना स्टोर में भीषण आग, लाखों का नुकसान

जीरकपुर/यूटर्न/23 मार्च। ढकोली के एमएस एनक्लेव स्थित महालक्ष्मी किरयाना स्टोर में सोमवार सुबह करीब 7 बजे अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सबसे पहले दुकान से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दुकान मालिक को दी, लेकिन कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे स्टोर को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक दिया।



दुकान मालिक मनीष गोयल ने बताया कि इस हादसे में करीब 10 से 12 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग की वजह से दुकान में रखा फ्रिज, आइसक्रीम, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक और राशन का अधिकांश सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया।

> घटना की सूचना सुबह 7:30 बजे हमें प्राप्त हुई। तुरंत प्रभाव से दो फायर टेंडर मौके पर भेज दिए गए और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।
>
> — राजीव शर्मा, फायर ऑफिसर, जीरकपुर

गनीमत यह रही कि घटना के समय दुकान बंद थी, जिससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, इस घटना ने एक बार फिर इलाके में फायर सेफ्टी इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# नशीली गोलियों का सेवन करने के आरोप में 1 गिरफ्तार, केस दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 23 मार्च। जीरकपुर पुलिस ने नशीली गोलियों का सेवन करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ एन.डी.पी.एस. तहत केस दर्ज करके आगामी जांच शुरू कर दी है। वहीं, आरोपी की पहचान आशीषपाल सिंह निवासी बुदायूं, यू.पी. के रूप में हुई है, जो चंडीगढ़ के मौलाजागरां रहता है। पुलिस के अनुसार, बलटाना में उक्त आरोपी आशीषपाल नशे की हालत में पैदल जा रहा था, जिसको रोककर पूछताछ शुरू की और नशे की हालत में होने के बाद उसका डोप टैस्ट करवाया। इसकी रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई।

# लालजीत सिंह भुल्लर मामले पर फतेहगढ़ साहिब पुलिस कुछ भी बोलने को तैयार नहीं

पंजाब/ यूटर्न/23 मार्च ।लालजीत सिंह भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आम आदमी पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री भुल्लर ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट साझा कर मंडी गोबिंदगढ़ पुलिस के सामने सरेंडर करने की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, भुल्लर के खिलाफ पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन, अमृतसर के जिला मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या के मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही थी। अब उन्हें मंडी गोबिंदगढ़ थाने में रखा गया है और जल्द ही अमृतसर पुलिस के हवाले किया जाएगा। फिलहाल फतेहगढ़ साहिब पुलिस इस मामले पर कुछ भी कहने से बच रही है।




अपने फेसबुक पोस्ट में भुल्लर ने कहा कि उन्होंने हमेशा अपने हर कदम की शुरूआत ईश्वर को साक्षी मानकर की है और उनके लिए जनता ही उनका भगवान है। उन्होंने कहा कि उनकी जिंदगी का हर फैसला लोगों की भलाई और सच्चाई के रास्ते पर चलने के लिए रहा है। उन्होंने अपने फरार होने की खबरों को अफवाह बताया और कहा कि वह कभी भी सच्चाई से भागने वाले नहीं हैं। उन्हें देश के कानून और न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि वह कहीं नहीं भागे हैं, बल्कि पंजाब में ही हैं और सच्चाई व न्याय पर विश्वास रखते हुए उन्होंने खुद मंडी गोबिंदगढ़ में आत्मसमर्पण किया है।

# 40 साल बाद पंजाब में होगी राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप

पंजाब/ यूटर्न/23 मार्च। पंजाब में बैडमिंटन को बड़ा बढ़ावा मिलने जा रहा है, क्योंकि राज्य करीब 40 साल बाद राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने 38वीं सब-जूनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप की मेजबानी पंजाब को सौंपी है। पंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव रितिन खन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चैंपियनशिप 9 से 12 दिसंबर 2026 तक जालंधर



के रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम में आयोजित होगी। इसमें देश के 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से करीब 350 खिलाड़ी भाग लेंगे।

उल्लेखनीय है कि पंजाब में पिछली बार राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप 1987 में आयोजित हुई थी। उन्होंने बताया कि बीएआई द्वारा स्टेडियम की आधुनिक सुविधाओं के निरीक्षण के बाद ही मेजबानी का अधिकार दिया गया। प्रतियोगिता में अंडर-13 लड़के और लड़कियों के सिंगल्स और डबल्स मुकाबले होंगे, जबकि विजेताओं को कुल 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। खिलाड़ियों, कोच और अधिकारियों के ठहरने और खाने की व्यवस्था भी एसोसिएशन द्वारा की जाएगी। यह आयोजन राज्य के उभरते खिलाड़ियों के लिए बड़ा अवसर साबित होगा।

स्टेडियम में हाल के वर्षों में लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से सुधार किया गया है, जहां अब 10 कोर्ट, जिम, रेस्टोरेंट और फिजियोथेरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी इस स्टेडियम का दौरा कर चुके हैं और व्यवस्थाओं की सराहना कर चुके हैं।

# असमिता अंडर-13 नेशनल फुटबॉल लीग 7 अप्रैल से गांव खेड़ा में होगी

दलजीत अजनोहा

हुशियारपुर/यूटर्न/23 मार्च। सरदार करतार सिंह बैंस मेमोरियल फुटबॉल स्टेडियम पिंड खेड़ा में पंजाब फुटबॉल एसोसिएशन, दोआबा स्पोर्टिंग क्लब खेड़ा-माहिलपुर और क्षेत्र के खेल प्रेमियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा लड़कियों के फुटबॉल को प्रफुल्लित करने के लिए पूरे भारत में करवाई गई असमिता अंडर-13 साल नेशनल लीग के फाइनल राउंड में पहुंची 8 राज्यों की टीमों की लीग करवाने संबंधी विचार-विमर्श किया गया।



## भाग लेने वाली टीमें

इस अवसर पर पीएफए के जॉइंट सेक्रेटरी विजे बाली और दोआबा स्पोर्टिंग क्लब खेड़ा-माहिलपुर के अध्यक्ष जत्थेदार इकबाल सिंह खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत की सभी स्टेटों की हुई जोन स्तर लीग में से अपने-अपने जोन से 8 टीमें क्वालीफाई करके आई हैं जैसे पंजाब, गुजरात, मिजोरम, केरल, राजस्थान, कर्नाटक, असम और झारखंड। इन्हें दो ग्रुपों में बांटकर 7 अप्रैल से 16 अप्रैल तक लीग करवाई जाएगी और सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले करवाए जाएंगे।

## प्रबंध व्यवस्था

आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा सभी टीमों की रिहाइश के लिए होटलों का प्रबंध और वहां से ग्राउंड तक आने-जाने के प्रबंधों की सारी जिम्मेदारी पीएफए के सेक्रेटरी हरजिंदर सिंह जग्गा, विजे बाली और हरदीप सिंह सैणी की लगाई गई है। दोआबा स्पोर्टिंग क्लब द्वारा इस टूर्नामेंट को करवाने के लिए हर एक तरह के सहयोग करने का पूर्ण भरोसा दिया गया।

## बैठक में मौजूद लोग

इस अवसर पर क्लब के सेक्रेटरी रविंदरपाल सिंह राय, खजांची प्रिंसिपल सुखइंदर सिंह मनीहास, कोच बंधना सिंह हलूवाल, बलविंदर सिंह बैन्स, साबका सरपंच विनोद सिंह संघा क्लब के जॉइंट सेक्रेटरी जगमोहन सिंह जग्गी, हवेली जॉइंट खजांची परमजीत सिंह पम्मा बाहोवाल, हरदीप परमार, बिंजो, तरलोचन सिंह स्क्रूली, इंदरजीत सिंह गोंदपुर, जगजीत सिंह बैन्स अमरिका, गुलबर्ग सिंह पप्पू कनाडा, कर्मजीत सिंह बैंस, हरजीत सिंह बैंस, कुलदीप सिंह नंगल कलां लालपुर, मलकीत सिंह लालपुर, मनी सेठी खेड़ा, हरबंस सिंह फौजी नंगल, मनवीर सिंह चंबलां, गुरजनैल सिंह बैन्स, कोच दिनेश कुमार खेड़ा, मनराज खेड़ा, करन बैंस, बलजिंदर सिंह बैंस, कुलवंत सिंह बैंस अमृतपाल सिंह बैंस तनवीर सिंह बैन्स, गुरकरण सिंह संघा आदि उपस्थित थे।

# शहीदों के बलिदान से ही सुरक्षित है देश की आजादी - स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव

होशियारपुर/ यूटर्न/23 मार्च ।हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने शहीदी दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि 23 मार्च भारतीय इतिहास का गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक दिन है, जो हमें इन क्रांतिकारियों के अद्वितीय बलिदान की याद दिलाता है। उनके अनुसार, इन वीरों ने अन्याय के खिलाफ संघर्ष का जो संदेश दिया, वह आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शहीदों की शहादत हमें सिखाती है कि राष्ट्र सर्वोपरि है और देशहित में किया गया हर त्याग आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा सरकार शहीदों और उनके परिवारों के सम्मान और कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें सहयोग प्रदान कर रही है। अंत में उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक है, जो हर भारतीय में राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवित रखेगा।




Pragya Jaiswal

# कश्मीरियों ने युद्ध से प्रभावित ईरान को नकद और सोना भेजा; ईरान ने कहा, हम इसे कभी नहीं भूलेंगे

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मार्च। कश्मीर के निवासियों, विशेष रूप से बडगाम और बारामूला जिलों के लोगों ने, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से प्रभावित ईरान के लोगों की मदद के लिए एक मानवीय अभियान शुरू किया है। ईद-उल-फितर के जश्न के बाद, शिया-बहुल इलाकों में स्वयंसेवकों ने हाल के सैन्य हमलों से प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री इकट्ठा करने के लिए घर-घर जाकर चंदा जमा किया। लोगों ने न केवल पैसे का योगदान दिया, बल्कि सोने और चांदी के आभूषण, मवेशी और तांबे के पारंपरिक बर्तन भी दान किए। भारत में ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो साझा करते हुए, ईरान के पुनर्निर्माण के लिए पैसे और आभूषण दान करने वाले भारतीयों की ₹दयालुता₹ और ₹मानवता₹ के लिए उनका आभार व्यक्त किया। दूतावास ने '' (पहले ट्विटर) पर लिखा, ₹कृतज्ञता से भरे दिलों के साथ, हम कश्मीर के उन दयालु लोगों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं, जो अपने मानवीय सहयोग और दिली एकजुटता के माध्यम से ईरान के लोगों के साथ खड़े हुए हैं; इस दयालुता को कभी नहीं भुलाया जाएगा। धन्यवाद, भारत।



## सभी वर्गों ने लिया हिस्सा

रिपोर्टों के अनुसार, समाज के सभी वर्गों के लोगों ने इस अभियान में हिस्सा लिया, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल थे। कई महिलाओं ने अपने निजी सोने के आभूषण और घर की कीमती वस्तुएं दान कीं, जिससे यह पता चलता है कि वे इस नेक काम से भावनात्मक रूप से कितनी गहराई से जुड़ी हुई थीं। कश्मीर की एक विधवा महिला ने सोने का एक स्मृति-चिह्न दान किया, जिसे उसने अपने दिवंगत पति की याद में 28 वर्षों से सहेजकर रखा था।

## महिला ने पति की याद को सहेजकर रखा

पोस्ट में लिखा था, कश्मीर की एक सम्मानित बहन ने अपने पति की याद में सहेजकर रखा हुआ सोने का एक स्मृति-चिह्न दान किया; उनके पति का निधन 28 वर्ष पूर्व हो गया था। उन्होंने ईरान के लोगों के प्रति प्रेम और एकजुटता से भरे हृदय के साथ यह दान किया। आपके आंसू और आपकी पवित्र भावनाएं ईरान के लोगों के लिए सांत्वना का सबसे बड़ा स्रोत हैं, और इन्हें कभी नहीं भुलाया जाएगा।

## मवेशी भी किए दान

कुछ लोगों ने एक सार्थक योगदान के रूप में मवेशी भी दान किए। बच्चों ने भी अपनी बचत और ईद पर मिले पैसों को दान करके इस अभियान में हिस्सा लिया। इस बीच, बडगाम के विधायक मुंतज़िर मेहदी ने राहत कार्यों के लिए अपने एक महीने का वेतन दान करने की घोषणा की। श्रीनगर के रैनावारी इलाके के निवासी एजाज अहमद ने कहा, ₹इजरायल और उसके समर्थकों द्वारा ईरान पर थोपे गए इस अवैध युद्ध के कारण वहां भारी तबाही मची हुई है। सभ्य दुनिया कम से कम इतना तो कर ही सकती है कि वह ईरान के पीड़ित लोगों तक सहायता पहुंचाए

## मदद के लिए दान आना शुरू हुआ

गौरतलब है कि, भारत में ईरानी दूतावास द्वारा सोशल मीडिया पर बैंक खाते का विवरण साझा किए जाने के लगभग एक सप्ताह बाद, युद्ध से जूझ रहे इस देश की मदद के लिए दान आना शुरू हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि जमा की गई सहायता राशि को आधिकारिक राहत संगठनों, जिनमें ईरानी दूतावास भी शामिल है के माध्यम से भेजा जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह जरूरतमंद लोगों तक पहुँचे। भारत और ईरान के बीच सांस्कृतिक, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है; व्यापार, ऊर्जा और क्षेत्रीय विकास जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग के जरिए समय के साथ इन संबंधों को और मजबूती मिली है।

# एलपीजी संकट से उद्योग प्रभावित, फिको ने सरकार से की तत्काल कार्रवाई की मांग

लुधियाना/यूटर्न/23 मार्च। शहर में एलपीजी (LPG) की कमी का असर अब उद्योगों पर साफ दिखाई देने लगा है। हीट ट्रीटमेंट, फोर्जिंग, साइकिल पार्ट्स और होजरी से जुड़ी इकाइयाँ, जो स्वच्छ ईंधन के रूप में एलपीजी पर निर्भर हैं, पिछले पांच दिनों से या तो बंद पड़ी हैं या सीमित क्षमता पर काम कर रही हैं।

इससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ा है और उद्योगपतियों की चिंता बढ़ गई है। एलपीजी की अनुपलब्धता के कारण औद्योगिक कैंटीनों में भी भोजन बनाना मुश्किल हो गया है, जिससे कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन (फिको) ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता जताते हुए सरकार के सामने कई सुझाव रखे हैं। फिको ने 422 किलोग्राम वाले औद्योगिक



एलपीजी सिलेंडरों की सीमित सप्लाई बहाल करने की मांग की है, ताकि उत्पादन कार्य प्रभावित न हो। साथ ही, कैंटीनों के लिए 19 किलोग्राम सिलेंडरों के उपयोग की अनुमति देने की भी अपील की गई है। फिको के प्रधान गुरमीत सिंह कुलार ने कहा कि उद्योगों का संचालन आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो इसका असर श्रमिकों और अर्थव्यवस्था दोनों पर पड़ेगा।

# महिलाओं के सम्मान के मामले में योगी से काफी पीछे खड़े हैं अखिलेश



उत्तर प्रदेश/ यूटर्न/23 मार्च ।उत्तर प्रदेश की राजनीति में महिला वोट बैंक को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। अखिलेश यादव ने अब अपनी रणनीति में 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के साथ 'ए' यानी आधी आबादी को जोड़ते हुए महिलाओं पर फोकस बढ़ा दिया है। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने घोषणा की कि अगर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है, तो 'नारी समृद्धि सम्मान योजना' शुरू की जाएगी, जिसके तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में दिए जाएंगे। इसके साथ ही पुरानी समाजवादी पेंशन योजना को नए रूप में लागू करने का भी वादा किया गया है। कार्यक्रम में उन्होंने मुलायम सिंह यादव की विरासत और अपनी सरकार की योजनाओं—1090 हेल्पलाइन, कन्या विद्याधन योजना और रानी लक्ष्मीबाई योजना—का भी जिक्र किया। वहीं डिंपल यादव ने महिलाओं की भागीदारी को देश की प्रगति के लिए जरूरी बताया। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने इस पर कड़ा पलटवार किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने सपा पर कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए। विश्लेषकों का मानना है कि महिला वोट बैंक यूपी की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाता रहा है। ऐसे में नकद सहायता की यह योजना सपा के लिए गेमचेंजर साबित हो सकती है, लेकिन कानून-व्यवस्था और भरोसे का मुद्दा भी उतना ही अहम रहेगा। 2027 के चुनाव में यह मुकाबला और दिलचस्प होने की संभावना है।

# नशे के खिलाफ गुर्जर समाज मैदान में, कमलदेव चौहान बने पंजाब प्रधान



चंडीगढ़, यूटर्न, 23 मार्च। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की पंजाब कार्यकारिणी की बैठक में राज्यभर में नशे के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने का फैसला लिया गया। संगठन ने घोषणा की कि युवाओं को जागरूक करने के लिए ह्यनशा मुक्ति यात्राएंद्ध निकाली जाएंगी, जिसकी शुरूआत लुधियाना से होगी। बैठक में सर्वसम्मति से कमलदेव चौहान को पंजाब इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि सोहनलाल चेची को प्रदेश कोऑर्डिनेटर बनाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री बच्चू सिंह बैंसला विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष कमलदेव चौहान ने कहा कि समाज का मुख्य लक्ष्य युवाओं को नशे से दूर कर सकारात्मक दिशा देना है। उन्होंने बताया कि गुलाब चंद कटारिया द्वारा चलाए जा रहे ह्यनशा मुक्त पंजाबद्ध अभियान को भी महासभा सक्रिय समर्थन देगी और गांव-गांव जाकर जागरूकता फैलाई जाएगी। बैठक में 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर भी रणनीति पर चर्चा हुई। नेताओं ने दावा किया कि पंजाब में गुर्जर समाज की करीब 9% आबादी है और यह एक मजबूत वोट बैंक बनकर उभरेगा। संगठन ने ऐलान किया कि चुनाव के समय वह अपने समर्थन का खुलकर ऐलान करेगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372